इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**पैसे बीमारी ठीक होने के बाद**

उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना,नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।



तुलसी आयुर्वेदिक

चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक



## जम्मू कश्मीर : अनंतनाग में डबल आतंकी हमला, टूरिस्ट कैंप में जयपुर के दंपत्ति को मारी गोली

श्रीनगर। आतंकियों ने कश्मीर में जारी लोकतंत्र के सबसे बड़े महोत्सव लोकसभा चुनाव में खलल डालते हुए शनिवार को दक्षिण कश्मीर के शोपियां और अनंतनाग में दो हमले किए। शोपियां में उन्होंने एक पूर्व सरपंच को मौत के घाट उतारा जबकि अनंतनाग में यन्नर,पहलगाम के निकट उन्होंने जयपुर से आए एक दपंत्ति को निशाना बनाया।

### घायल दंपत्ति को पहुंचाया अस्पताल

घायल दंपत्ति को उपचार के लिए जीएमसी अस्पताल अनंतनाग में भर्ती कराया गया है। इन हमलों में लिप्त आतंकियों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया है। इन हमलों ने वादी में चुनाव के मददेनजर किए गए सुरक्षा प्रबंधों की भी पोल खोल दी है। अनंतनाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिएपहले मतदान 25 मई को होना है। इसके अलावा यन्नर पहलगाम में जहां पर्यटकों पर हमला हुआ है, वहां श्री अमरनाथ की तीर्थयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती है। हालांकि पुलिस नेहमले में लिप्त आतंकियों और उनके संगठन की पुष्टि नहीं की है,लेकिन यह दोनों हमले लश्कर ए तैयबा के हिट स्क्वाड टीआरएफ द्वारा अंजाम दिए जाने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।



पूर्व सरपंच को उतारा मौत के घाट

### महबूबा मुफ्ती ने हमले की निंदा की

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने यन्नर पहलगाम और हीरपोरा शोपियां में हुए आतंकी हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि दक्षिण कश्मीर में जहां अभी मतदान होना है, यह हमले चिंता का विष्ज्ञय है। यहां मिली जानकारी के अनुसार, आतंकियों ने रात साढ़े नौ बजे के करीब यन्नर पहलगाम में दरिया किनारे स्थित कैंपिंग साइट पर हमला किया। उन्होंने वहां अपने तंबु के बाहर बैठे एक दंपत्ति को निशाना बनाया। गोलियों की आवाज से वहां हड़कंप मच गया। वहां मौजूद अन्य पर्यटक अपनी जान बचाने के लिए अपने अपने तंबुओं में घुस गए।

### जोड़ा जयपुर राजस्थान से आया था

इसी दौरान आतंकी भी वहां से भाग गए। गोलियों की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे सुरक्षाकर्मियों ने वहां मौजूद अन्य लोगों की मदद से घाायल दपंत्ति को उपचार के लिए जीएमसी अस्पताल पहुंचाया। घायलों की पहचान फराह और उसके पति तबरेज के रूप में हुई है। यह जोड़ा जयपुर राजस्थान से आया था। डाक्टरों के मुताबिक, दोनों ही हालत खतरे से बाहर है।

### शोपियां में पूर्व सरपंच को उतारा मौत के घाट

इसी दौरान जिला शोपियां के हीरपोरा में पूर्व सरपंच एजाज अहमद को उसके घर में ही निशाना बनाया। एजाज अहमद के शरीर पर पांच गोलियां लगी और वह वहीं जमीन पर गिर पड़ा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आधी आबादी का एक तिहाई सीटों पर दिखा दबदबा, पुरुषों के मुकाबले किया ज्यादा मतदान



नई दिल्ली। सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के नतीजे किस करवट बैठेंगे यह तो चार जून को ही पता चलेगा, लेकिन यह साफ है कि जो भी नई सरकार बनेगी उनमें महिलाओं की बड़ी भूमिका होगी। यह बात ऐसे ही नहीं कही जा रही है बल्कि अब तक चार चरणों में 379 लोकसभा सीटों के लिए हो चुके चुनाव के उन आंकड़ों के आधार पर है, जिसमें 121 सीटों पर महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले अधिक मतदान किया है। इनमें से अधिक सीटें बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और असम जैसे राज्यों की है। जहां महिलाओं ने बढ़ चढ़कर चुनाव में हिस्सा लिया है। तमिलनाडु की करीब दर्जनभर सीटों पर यह अंतर पांच से आठ फीसद तक है। पहले चरण की 102 सीटों के चुनाव में 46 सीटों पर महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले अधिक मतदान किया है। खास बात यह है कि इनमें से 21 सीटें अकेले तमिलनाडु की है। पहले चरण में ही तमिलनाडु की सभी 39 सीटों के लिए भी चुनाव हुए थे। भाजपा यहां शुरू से ही खाता खोलने के लिए जोर लगाए गए है।

हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु से चौंकाने वाले नतीजे आने की भी उम्मीद जताई थी। महिलाओं की मतदान को लेकर दूसरा बड़ा रुझान पश्चिम बंगाल और बिहार में देखने को मिला है। पश्चिम बंगाल में लोकसभा की कुल 42 सीटों में से अब तक 18 सीटों पर ही चुनाव हुए है, इनमें से 14 सीटों पर महिलाओं ने इस बार पुरुषों से अधिक मतदान किया है।

वहीं, बिहार में लोकसभा की कुल 40 सीटों में से अब तक 19 सीटों के लिए हो चुके मतदान में 16 सीटों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा है। असम और आंध्रप्रदेश में भी दर्जनों सीटों पर महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के बाकी तीन चरणों के अभी 164 सीटों के लिए चुनाव होने है। ऐसे में मतदान को लेकर महिलाओं के बढ़े रुझान को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में नई सरकार के चुनाव में उनकी भूमिका और भी मजबूत होगी। वैसे भी अभी बिहार, पश्चिम बंगाल की बाकी सीटों की आधी से अधिक सीटों के चुनाव बाकी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मोदी जेल का खेल बंद कर हमें एक साथ जेल में डाल दें : केजरीवाल



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि रोज-रोज जेल का खेल खेलना बंद कीजिए और रविवार को अपने सांसदों, विधायकों समेत सभी बड़े नेताओं को लेकर भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं,आप सबको जेल में डाल दीजिए।

श्री केजरीवाल ने ने शनिवार को अपने निजी सहायक बिभव कुमार को गिरफ्तार किए जाने पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली और देश की जनता देख रही है कि किस तरह से ये लोग आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ गए हैं। ये लोग एक के बाद एक हमारे नेताओं को जेल में डालते जा रहे हैं। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा अभी लंदन से लौटे हैं और ये कह रहे हैं कि उनको भी जेल में डालेंगे। ये कह रहे हैं कि कुछ दिन बाद श्री सौरभ भारद्वाज और सुश्री आतिशी को भी जेल में डालेंगे।

उन्होंने कहा कि मैं यह सोच रहा था कि हम सब लोगों को ये जेल में क्यों डालना चाहते हैं। हमारा कसूर क्या है? हमारा कसूर यह है कि हमने दिल्ली के अदर गरीब बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा का इंतजाम किया, सरकारी स्कूल शानदार बनाए। ये लोग शानदार सरकारी स्कूल नहीं बना सकते। इसलिए ये लोग दिल्ली में सरकारी स्कूल बनने रोकना चाहते हैं। हमारा कसूर यह है कि हमने दिल्ली के अंदर सरकारी अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक बनाए, लोगों के लिए फ्री दवाई और अच्छे इलाज का इंतजाम किया। ये लोग नहीं कर पा रहे है। इसलिए ये दिल्ली के अस्पतालाओं और मोहल्ला क्लीनिकों को रोकना चाहते हैं।

श्री केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आप ये जेल-जेल का खेल खेल रहे हैं। आप कभी मनीष सिसोदिया, कभी अरविंद केजरीवाल, कभी संजय सिंह को जेल में डालते हैं, कल अपने सभी विधायकों, सांसदों समेत ब? नेताओं के साथ भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं, आप जिस-जिस को जेल में डालना चाहते हैं, आप जेल में डाल दें। आपको लगता है कि आप हमारे नेताओं को जेल में डाल कर आम आदमी पार्टी को कुचल देंगे तो ऐसे आम आदमी पार्टी खत्म नहीं होगी। आम आदमी पार्टी एक विचार है, जो पूरे देश के अंदर लोगों के दिल में चला गया है। आप आम आदमी पार्टी के जितने नेताओं को जेल में डालोगो, उससे सौ गुना नेता यह देश पैदा करेगा।

## आज पाकिस्तान के हाथ में भीख का कटोरा है, जब धाकड़ सरकार होती है, तो दुश्मन कांपता है, अंबाला में बोले पीएम नरेन्द्र मोदी

अंबाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को हरियाणा के अंबाला में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 4 जून को सिर्फ 17 दिन बचे है। चार चरणों के चुनाव में इंडी गठबंधन के सभी साथी चारों खाने चित्त हो चुके हैं। उन्हें चुनाव के मैदान में जनता ने पटखनी दे दी है। पीएम मोदी ने कहा, हरियाणा के रंगों में देशभक्ति है। देशविरोधी ताकतों को हरियाणा अच्छी तरह से जानता है।



### पाकिस्तान के हाथ में भीख का कटोरा

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान 70 सालों से भारत को परेशान कर रहा था। जिसके हाथ में बम का गोला होता था। आज उसके हाथ में भीख का कटोरा है। पीएम मोदी ने कहा, जब धाकड़ सरकार होती है, तो दुश्मन कांपता है। आज मैं आपसे अगले पांच साल के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं।

अंबाला में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ÷...कांग्रेस को सिर्फ वोट से मतलब है। ये दिल्ली और हरियाणा में हाथ में झाड़ू लेकर घूम रहे हैं और पंजाब में कह रहे हैं कि झाड़ू वाला चोर है। इन्होंने हरियाणा वालों को समझ क्या रखा है...'

### सेना को मिल रहे मेड इन इंडिया हथियार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेसी सेनाओं को कमजोर बनाकर रखते थे, ताकि विदेश से हथियार मांगने के नाम पर कमाई कर सके। हमारे सैनिकों को कपड़े, जूते, बुलेट प्रूफ जैकेठ ठीक से नसीब नहीं होते थे। उन्होंने कहा, आज सेना को मेड इन इंडिया हथियार मिल रहे हैं। भारत अब दूसरे देशों को हथियार बेच रहा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मोदी मेरे सवालों से डरते हैं इसलिए बहस नहीं करते -राहुल



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए शनिवार को कहा कि श्री मोदी उनके सवालों से डरते हैं इसलिए उनसे बहस करने के लिए तैयार नहीं है। श्री गांधी ने आज यहां चांदनी चौक से पार्टी के उम्मीदवार जे पी अग्रवाल के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा,÷कुछ ब? पत्रकारों ने मुझे और नरेंद्र मोदी जी को चिट्ठी लिखी और कहा कि लोकतंत्र में एक डिबेट होनी चाहिए। उन्होंने श्री मोदी से कहा कि आपको राहुल गांधी से डिबेट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह श्री मोदी से बहस के लिए कभी भी और कहीं भी तैयार हैं लेकिन वह जानते हैं कि उनके तीखे सवालों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री बहस के लिए तैयार नहीं होंगे।

श्री गांधी ने कहा, मैं श्री मोदी से डिबेट के लिए किसी भी वक्त तैयार हूं लेकिन श्री नरेंद्र मोदी मुझसे डिबेट नहीं करेंगे। क्योंकि अगर वे डिबेट करने आए, तो मैं उनसे पूछूंगा आपका अडानी से क्या रिश्ता है। आप इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर 'चंदे का धंधा' क्यों चला रहे हैं। आप किसानों के खिलाफ काले कानून क्यों लेकर लाए। कोरोना में जब लोग मर रहे थे, आपने थाली बजाने के लिए क्यों कहा। आपने शी जिनपिंग को झूले पर झुलाया तो उसकी सेना ने हिंदुस्तान की जमीन पर कब्जा कैसे कर लिया। आप अग्निवीर योजना क्यों लेकर आए।

उन्होंने मीडिया पर भी हमला किया और कहा कि वह चांदनी चौक के आम लोगों की बात पर चर्चा नहीं करते हैं और ना ही उस पर खबर बनाते हैं। उन्होंने कहा, मीडिया के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कूचरचना कर एपीएल का बनाया बीपीएल, हर माह लाखों क्विंटल चावल की हेराफेरी

बिलासपुर। गुपचुप तरीके से एपीएल राशन कार्डधारियों का कार्ड नंबर बदलकर बीपीएल बनाने और इसके बाद इस कार्ड से हर माह लाखों क्विंटल चावल फर्जी आहरण करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शिकायत के बाद खाद्य विभाग ने शुरुआती जांच कराई तो गड़बड़ी सामने आई है। इसके बाद विभाग ने संबंधित दुकानों का आवंटन रोक दिया है। अब पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। इसके बाद फर्जीवाड़ा को अंजाम देने वालों की पोल खुलेगी।



बीपीएल कार्ड धारियों को हर माह 35 किलो चावल का आवंटन किया जाता है। इसके अलावा एक किलो शक्कर भी 20 रुपये के भाव से बीपीएल कार्डधारियों को मिलती है। साथ ही एपीएल को 10 रुपये किलो के भाव से 35 किलो चावल दिया जाता है। खाद्य विभाग की ओर से जनवरी 2022 से अक्टूबर 2023 के बीच बीपीएल कार्डधारियों के राशन कार्ड का नवीनीकरण किया गया था। इसकी आड़ में शहर के विभिन्न वार्ड सहित विशेष रूप से वार्ड क्रमांक 26, 27, 28, 29 और 30 के सैकड़ों हितग्राहियों के एपीएल कार्ड के नंबर को विलोपित कर बीपीएल में बदल दिए जाने की शिकायत मिली, लेकिन इस फज़ीवाड़े की हितग्राहियों को कानोंकान भनक तक नहीं लगी। इसी तरह कार्ड के जरिए हर माह लाखों क्विंटल चावल की हेराफेरी हो रही थी। साथ ही शक्कर का भी आवंटन इन हितग्राहियों को हो रहा है।

### हितग्राहियों को कार्ड बदलने की जानकारी नहीं

एपीएल कार्डधारियों को उनके कार्ड बदलने की जानकारी ही नहीं है। दरअसल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मुख्यमंत्री आवास का सीसीटीवी फुटेज ग़ायब, वीडियो डिलीट : मालीवाल



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा कि सच को छुपाने के लिए मुख्यमंत्री आवास में उनके साथ मारपीट के वीडियो को डिलीट कर दिया गया और सीसीटीवी फुटेज को ग़ायब कर दिया गया।

सुश्री मालीवाल ने आज देर रात एक्स पर कहा,पहले मुझे बेरहमी से बिभव ने पीटा। थप्पड़ और लातें मारीं। जब मैंने खुद को छुड़ा के 112 कॉल की, तो बाहर जाकर सुरक्षा कर्मियों को बुलाकर वीडियो बनाने लगा। मैं सिक्योरिटी को चीख -चीख के बता रही थी कि मुझे बहुत बेरहमी से बिभव ने पीटा है। वो पूरा लंबा हिस्सा वीडियो का एडिट कर दिया गया। उन्होंने कहा, सिर्फ़ 50 सेकंड के वीडियो रिलीज़ किए गये, जब मैं सुरक्षा कर्मी को समझा समझा के खीज चुकी थी। अब फ़ोन फॉर्मेट करके पूरी वीडियो डिलीट कर दी, सीसीटीवी फुटेज भी ग़ायब! साज़िश की भी हद्द है! उल्लेखनीय है कि सुश्री मालीवाल के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने आज मुख्यमंत्री के निजी सहायक बिभव को गिरफ़्तार कर लिया है। बिभव की गिरफ़्तारी के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि दिल्ली के कामों को रोकने और उनकी पार्टी को कुचलने के लिए एक- एक करके सभी नेताओं को जेल में भेजा जा रहा है।

## 30 करोड़ की टैक्स चोरी के लिए आयकर विभाग ने मारा छापा, 16 किलो सोना और 70 लाख नकदी बरामद

जयपुर। जयपुर में एआरएल ग्रुप और अक्षत बिल्डर्स पर आयकर विभाग की छापेमारी आज तीसरे दिन भी जारी रही। आज सवेरे की गई कार्रवाई में विभाग की टीमों को दोनों ग्रुप के संचालकों के पास करोड़ों रुपए के दस्तावेज मिले हैं।



आयकर विभाग की टीम आज एक और बैंक लॉकर खोलेगी। अब तक टीम ने 13 में से 12 लॉकर खोलकर सोना और नकदी जब्त कर ली है। गुरुवार सुबह से आयकर विभाग ने ग्रुप के 11 ठिकानों पर छापेमारी शुरू की थी, जिसमें आज तीन ठिकानों पर सर्च समाप्त हो चुका है। फिलहाल 8 जगहों पर सर्च जारी है। विभाग के सूत्रों के अनुसार पिछले दो दिनों में छापेमारी के दौरान 8 लॉकरों से 16 किलो से अधिक सोना और 4 लॉकरों से निवेश के दस्तावेज मिले हैं। इसके अलावा 6 अलग-अलग स्थानों से 70 लाख रुपए नकद बरामद किए गए हैं और 50 करोड़ से अधिक के शेयर मिले हैं। टीम आज बचा हुआ एक और लॉकर खोलेगी।

एआरएल ग्रुप पर 30 करोड़ की टैक्स की चोरी का आरोप है। आयकर विभाग की टीम दोनों समूहों के निवेशकों के पिछले 3 साल के बैंक, प्रॉपर्टी और टैक्स के दस्तावेजों की जांच कर रही है। दोनों ग्रुप ने आयकर विभाग को 100 करोड़ से अधिक खर्च की जानकारी दी है, जिनकी जांच जारी है।

16 मई को जयपुर, बगरू और बिंदायका में कुल 11 स्थानों पर आयकर विभाग ने छापेमारी की थी। टीम ने नंदकिशोर जैन, सुनील जैन, अंकित जैन, अक्षत जैन, पदमचन्द जैन और जुगल भनोट से पूछताछ की है। इसके अलावा आयकर विभाग बाहरी निवेशकों से भी पूछताछ कर सकता है।

## यूट्यूबर की हत्या का मुख्य आरोपी पत्नी का प्रेमी झारखंड से गिरफ्तार, साथी की तलाश जारी

मनेंद्रगढ़. यूट्यूबर की हत्या के मुख्य आरोपी को भी सिटी कोतवाली मनेंद्रगढ़ की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने यूट्यूबर की पत्नी को 17 मई को ही जेल भेज दिया था। गौरतलब है कि पत्नी ने ही यूट्यूबर पति की अपने प्रेमी व उसके दोस्त के साथ मिलकर हत्या की थी। हत्या के बाद मुख्य आरोपी पत्नी का प्रेमी व उसका दोस्त फरार हो गए थे। पुलिस उसे झारखंड से गिरफ्तार कर शनिवार को यहां पहुंची और जेल भेज दिया।





गौरतलब है कि 15 मई की रात मनेंद्रगढ़ के चनवारीडांड़ स्थित किराए के मकान में रहने वाले रईस अहमद की उसकी पत्नी सफीना बेगम ने अपने प्रेमी आरजू खान व उसके दोस्त खुशी खान के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। इसके बाद उसका शव मौहारीपारा ग्राउंड में फेंक दिया था।

इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी सफीना को गिरफ्तार कर शुक्रवार को ही जेल भेज दिया था। वहीं मुख्य आरोपी को पकडने् झारखंड रवाना हुई थी। प्रेमी व पत्नी एक ही गांव के रहने वाले हैं।

### पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

मनेंद्रगढ़ पुलिस शनिवार को मुख्य आरोपी आरज़ू खान को झारखंड से गिरफ्तार कर पहुंची। यहां उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि आरोपी पत्नी सफीना अपने प्रेमी मुख्य आरोपी आरजू खान के साथ 4-5 महीने पहले ही पति रईस खान को छोडकर भाग गई थी। इसके बाद भी पति उसे ले आया था और अपने साथ रखा था। हत्या की घटना के बाद यह माना जा रहा है कि पत्नी अपने पति के साथ नहीं रहना चाहती थी। उसने ही 3 महीने पहले पति की हत्या की प्लानिंग की थी।

## आंध्रप्रदेश के अनंतपुर में सड़क हादसा, एक ही परिवार के छह लोगों की मौत; शादी की खरीददारी करने गए थे



हैदराबाद। आंध्रप्रदेश के अनंतपुर जिले में बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक दूल्हे समेत छह लोगों की मौत हो गई। गुंतकल्लू के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी सिव भाकर रेड्डी ने बताया कि अनंतपुर के सात लोग एक कार में शादी की खरीददारी के लिए हैदराबाद गए थे। वहां से लौटते वक्त जिले के गूटी के पास बाचुपल्ली में हादसा हो गया। रेड्डी ने बताया कि कार के ड्राइवर को झपकी आ गई थी, जिस वजह से कार डिवाइडर पर चढ़ गई और डिवाइडर पार करके वह ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार का ड्राइवर बच गया। मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, मृतकों में दो नाबालिग बच्चे भी है। सभी मृतक रिश्तेदार थे। दूल्हे का नाम फिरोज बाशा था, जो 30 साल का है।

# भीषण गर्मी में पानी के लिए मची त्राहि-त्राहि के बीच मोंगरा से छोड़ा गया पानी

## शिवनाथ में एक हजार एमसीएफटी पानी आने से गर्मी में नहीं रहेगी जल संकट की स्थिति

राजनांदगांव (दावा)। भीषण गर्मी के दिनों में शहर के कई वार्ड जल-संकट से गुजर रहे है। आलम यह है कि लोगों को नलों में पर्याप्त पानी नहीं आने से पानी के लिए गुंडी बाल्टी ड्रम आदि लेकर दर-दर भटकना पड़ रहा है। खास कर पटरी पार के वार्ड बजरंगपुर-नवागांव, नया ढाबा, मोतीपुर के अलावा चिखली, स्टेशन पारा आदि सहित लखोली सेठी नगर व आउटर क्षेत्र के वार्डों में पानी की भारी किल्लत देखी जा रही है।

इसकी वजह कभी जल संयत्र मोहारा के मोटर खराब होने या नदी में पानी के कमी होने की बात जब-तब सामने आते रहती है। यह तो निश्चित है कि गर्मी के दिनों में पानी की ज्यादा खपत होने की वजह से हर साल शहर से लेकर गांवों में जल संकट विद्यमान रहता है। पानी के स्रोत कुए तालाब आदि पट गए है या फिर पाट दिए गए है। वही जल स्तर नीचे चले जाने के कारण बोर-बोरिंग आदि में पानी नहीं आ रहा है। इससे पेयजल समस्या के साथ-साथ निस्तारी संकट भी बना हुआ है गनीमत है कि ऐसे समय में मोंगरा डेम से 1000 एमसीएफटी पानी छोड़ा गया है जिससे लोगों को जल संकट से राहत मिलने की बात सामने आ रही है।



बता दे कि भीषण गर्मी के चलते शहर की जीवन दायिनी नदी शिवनाथ में लगातार पानी की कमी देखी जा रही थी। शिवनाथ नदी एनीकट में मात्र 34 इंच पानी शेष था जबकि 72 इंच पानी रहना आवश्यक होता है। क्योंकि शहर में 4 लीटर पानी की प्रतिदिन आवश्यकता होती है। शहर के 40 हजार से अधिक नल है व टैंक में से भी पानी सप्लाई की जा रही है। जिसके माध्यम से सुबह शाम पानी की व्यवस्था कराई जा रही है अतः नदी में पानी की कमी होना स्वाभाविक है। वैसे गर्मी के दिनों में नदी का पानी सूखता है और वाष्प बनकर उपर उड़ जाता है। इससे मोहारा एनीकट में लगातार पानी की कमी होने लगी थी। इसलिए मोंगरा बैराज से पानी की मांग की गई। इसके पूर्व मटिया मोती जलाशय से भी पानी लिया गया था।

नगर निगम की मांग पर शनिवार को मोंगरा बैराज के गेट खोलकर पानी देने की तैयारी शुरू कर दी गई है। बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद उसकी देखरेख के लिए निगम द्वारा कर्मचारियों की डयूटी लगा दी गई है। बताया जा रहा है कि कल तक शिवनाथ नदी के एनीकट में मोंगरा बैराज से छोड़ा गया पानी पहुंच जाएगा।

> मोंगरा बैराज से 15 मई को पानी छोड़ा गया है। चूंकि गर्मी के दिनों में नदी सूखे हुए है। इसलिए पानी सोक सकते है। अतः कल तक शिवनाथ नदी में एक हजार एफसीएफटी पानी पहुंच जाएगा। इससे गर्मी में शहर में पानी की किल्लत नहीं रहेगी
>
> **- यू.के. रामटेके, कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम राजनांदगांव**

# स्कूटी वाहन चोर को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता



डोंगरगढ़ (दावा)। स्कूटी बाहन चोर को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी के वाहन सहित चोर को गिरफ्तार कर लिया है। धारा-454, 380 भादवि0 के तहत आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई। प्रार्थी घनश्याम सिंह दीवान उम्र-46 साल निवासी गुरूदेव रेसीडेंसी कॉलोनी डोंगरगढ़ जो दिनांक 16 मई को अपने परिवार के साथ महासमुन्द चले गये थे।

घर मकान के पोर्च में एक बुलेट एवं एक स्कूटी वाहन खड़ी थी व घर बाहर गेट में ताला लगा हुआ था प्रार्थी घर वापस आकर देखा तो घर मकान के पोर्च में रखे स्कुटी टीव्हीएस जुपीटर क्रमांक- सीजी 08 एआर 7348 किमती- 40000 रू. को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। जिसकी रिपोर्ट पर धारा-454, 380 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस अधीक्षक राजनांदगाव मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम से विवेचना हेतु दिशा-निर्देश प्राप्त कर दिये गये निर्देशों का पालन करते हुये तत्काल निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये सउनि गणेश चौहान, प्र.आर. अजीत टोप्पो, आरक्षक चन्द्रकांत सोनी, चन्द्रप्रताप, प्रयंश सिंह, युगेन्द्र देखमुख, लक्ष्मी कंवर का सिंह अलग-अलग टीम बना कर घटना क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपी के पता तलाश में जुट गये जिससे स्कुटी वाहन को चोरी करने वाले आरोपी योवेल शास्त्री पिला पुष्पराज शास्त्री उम्र 18 साल निवासी साकिन खैरागढ़ रोड गैस एजेन्सी के पास वार्ड नंबर- 03 थाना डोंगरगढ़ को स्कुटी वाहन क्र.- सीजी-08/एआर 7348 कीमत 40000 रू. सहित पकड़कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

### डोंगरगढ़ पुलिस की आम लोगों से अपील

वर्तमान में क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनायें कि रिपोर्ट प्राप्त हो रही है। जिस कारण थाना डोंगरगढ़ पुलिस आम लोगों से अपील करती है कि, यदि कहीं कोई अनजान व्यक्ति जो संदिग्ध लगता है, घुमते-फिरते दिखता है या कहीं रुके हैं तो उसकी सूचना नजदीकी थाना को अवश्य दें व ऐसे अंजान व्यक्ति जो किसी सामान बेचने या अन्य काम के बहाने घर अन्दर आने का प्रयास करता है तो कोई भी अपने घर अन्दर आने न दे।

## पहला कॉलम...

### कांग्रेस अपने घोषणा पत्र से भ्रम फैला रही है- खाडेकर



राजनंदगांव (दावा)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश खाडेकर ने कहा है कि अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के द्वारा लोकसभा चुनाव में अपनी घोषणा पत्र के द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है अगर वह सत्ता में आते हैं तो महिलाओं को साल में 100000 देंगे, 30 लाख लोगों को नौकरी देंगे, या यू कहे तो उनका पूरा घोषणा पत्र ही भ्रामक है क्योंकि कांग्रेस पूरे देश भर में बहुमत लाने लायक सीटों पर भी चुनाव नहीं लड़ रही है, ऐसे में जब पार्टी स्वयं सरकार ही नहीं बना सकती तो अपने घोषणा पत्र को पूरा कैसे करेगी इंडिया एलाइंस का कोई भी संयुक्त घोषणा पत्र जारी नहीं किया गया है, ऐसे में मान लो अगर इंडिया एलाइंस की सरकार बनती भी है जो की 2024 में संभव नहीं है, तो भी कांग्रेस अध्पने वादे को कैसे पूरा करेगी, क्योंकि एलाइंस पार्टी कांग्रेस की घोषणा पत्र को अपना क्यों मानेगी? इसलिए कांग्रेस देश की जनता को भ्रमित करना बंद करें, वैसे भी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी बार पुनः देश के प्रधानमंत्री बन रहे हैं और देश को विकसित भारत की ओर ले जाएंगे तथा भारत को विश्व गुरु बनाएंगे।

### ब्रह्माकुमारीज द्वारा बांकल में राजयोग मेडिटेशन शिविर का शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र वरदान भवन लालबाग द्वारा समीपस्थ ग्राम बांकल (पनेका) में राजयोग मेडिटेशन शिविर का शुभारंभ 17 मई शुक्रवार को किया गया। ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन, प्रभा बहन, पूनम बहन, ब्रह्माकुमार मुरलीधर सोमानी भाई, ग्राम पंचायत बांकल के सरपंच गोपाल प्रसाद गायकवाड़, उपसरपंच टेकूराम सिन्हा, पंच शीतल सिन्हा, पंच श्रीमती अनिता साहू, समाजसेवी नरेश पटेल, भगवंतीन निषाद, कोमल साहू ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। ज्ञात हो यह शिविर 23 मई तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से 9 बजे ग्राम के मध्य स्थित रंगमंच पर आयोजित होगी। जो निःशुल्क है, पहले दिन ग्रामवासियों ने इसका भरपूर लाभ लिया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### शिक्षा के क्षेत्र में नए सूरज का उदय



राजनांदगांव (दावा)। जीत कोचिंग क्लासेस के संस्थापक जितेश कुमार साहू द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि छठवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों को कम से कम फीस में अध्ययन एवं सुविधा उपलब्ध कराया जाए तथा प्रत्येक जिम्मेदार व्यक्तियों का यह दायित्व बनता है कि वह शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दे एवं विद्यार्थी के जीवन में आने वाली सभी समस्याओं का समाधान करें। यह कोचिंग गली नंबर 5, बाजार चौक, बसंतपुर, राजनांदगांव में स्थापित है व मोबाइल नंबर 70474 09303 है।

# आयुक्त ने ली जल विभाग व अमृत मिशन के अधिकारियों की बैठक

## सुबह पानी सप्लाई के समय अपने अपने प्रभारित वार्ड में निरीक्षण करने तकनीकि अधिकारियों को दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने आज अपने कक्ष में जल विभाग तथा अमृत मिशन के अधिकारियों की बैठक लेकर कम पानी आने एवं गंदे पानी आने की शिकायत का निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को देते हुये कहा कि सभी उप अभियंता अपने अपने प्रभारित वार्ड में प्रातः नल आने के समय निरीक्षण कर समस्या से उच्च अधिकारियों को अवगत करायेगे।



आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में पूर्व बैठक की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पानी सप्लाई के संबंध में वार्डवार अधिकारियों से चर्चा कर कहा कि ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त पेयजल वार्डो में मुहैया कराना है, इसके लिये गलियों एवं ऊंचाई क्षेत्रों जहॉ कम पानी आता है उसका निराकरण करना है, गंदे पानी आने की शिकायत का शीघ्र समाधान करना है। वार्डो में स्थित हैण्ड पंप को मरम्मत करना है, जहॉ पानी का लेबल कम हो गया है वहा पाईप बढ़ाना है, कम पानी आने वाले क्षेत्रों के पास स्थित हैण्ड पंप में मोटर डालकर पानी सप्लाई करना है। उन्होंने कहा कि वार्ड के जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या अधिक है, वहां सिंटेक्स टंकी लगाया जाये। लिकेज पाईप लाईन की शिकायत का भी त्वरित निराकरण करना है। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि शहर की सभी टंकिया पर्याप्त मात्रा में भरे, इसका विशेष ध्यान रखा जावे और टंकी भरने के पश्चात ही पेयजल सप्लाई करें। जिन क्षेत्रो में अनावश्यक पानी बहने की शिकायत प्राप्त होती है वहां टोटी लगावे तथा जिन घर के नलों में टोटी नही लगा उनसे टोटी लगाने, पानी व्यर्थ न बहाने समझाईस देवे। नल में टोटी नहीं लगे होने एवं पानी व्यर्थ बहने की स्थिति में नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही करें। उन्होंने सभी उप अभियंताओं से कहा कि वे प्रतिदिन नल आने के समय में अपने-अपने प्रभारित वार्ड में निरीक्षण करें तथा कम पानी आने, गंदा पानी आने के संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करावे। पार्षदों से सम्पर्क करें, उनकी एवं नागरिकों के शिकायतों का यथाशीघ्र निराकरण करें।

आयुक्त श्री गुप्ता ने अमृत मिशन के अधिकारियों से कहा कि जिन क्षेत्रों में कनेक्शन उपरांत सप्लाई चालू नहीं हुआ है वहा टेस्टींग कर नई लाईन से पानी सप्लाई करें तथा जॉच कर पुरानी लाईन बंद करें। जिन घरों में कनेक्शन नही हुआ है वहा विधिवत कनेक्शन देवे। निगम के जल विभाग व अमृत मिशन की टीम सयुक्त रूप से कार्य करे, शिकायतों का निराकरण करें। सभी क्षेत्रों में प्रेशर के साथ पर्याप्त पानी मिल सके, इसका विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंनं कहा कि अनावश्यक पानी बहने की शिकायतों का निराकरण कर अतिरिक्त नल बंद करे एवं टोटी लगाये, जिससे गर्मी में सुचारू पेयजल सप्लाई हो सके। बैठक में कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम, अमृत मिशन के राजेश पवार व नितिन पाटिल के अलावा सभी उपअभियंता व फीटर उपस्थित थे।

# जिला साहू संघ ने जागेश्वर को दी श्रद्धांजलि, परिवार को दी आर्थिक मदद

राजनांदगांव (दावा)। शहर के चिखली वार्ड में वहीं के रहने वाले एक मजदूर की विगत दिवस सिंघानिया कंट्रक्शन प्लाटिंग एरिया संजीवनी हॉस्पिटल के पास बिजली करंट से मौत हो जाने के बाद उनका परिवार बेसहारा हो गया है। जिला साहू संघ और नगर साहू संघ ने आज मृतक जागेश्वर साहू के घर पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। परिजनों से हाल-चाल जाना। साथ ही उनकी मां को 10501 रुपए की सहायता समाज संगठन की ओर से हाथों हाथ दी। ज्ञात हो कि जागेश्वर की पत्नी का स्वर्गवास पहले ही हो चुका है, उनके दो छोटे बच्चे है जिसमें मृतक कि लड़की 11 वर्ष और लड़का 15 साल का है, जो अभी पढ़ाई कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में घर खर्च तथा पढ़ाई का खर्च चलाने में परिवार को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



ज्ञातव्य है कि चिखली क्षेत्र में करंट लगने से मजदूर की मौत हो गई है। संजीवनी हास्पिटल के करीब सिंघानिया कंट्रक्शन का प्लाट काटने का काम चल रहा था। इस दौरान चिखली में रहने वाला 34 वर्षीय जागेश्वर साहू अपनी साथी महिला मजदूर के साथ काम कर रहा था। हाई टेंशन तार के बीचों-बीच अस्थाई तार को ऊपर करने खंबा जो कि लोहे की पाइप था, जिसे पकड़ कर खड़ा किया जा रहा था और हाईटेंशन तार की चपेट में वह आ गई। बिजली का करंट इतना जोरदार था। कि जागेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे की खबर लगते ही आज जिला साहू संघ एवं नगर साहू संघ ने स्वर्गीय जागेश्वर साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं परिवारजनों से मुलाकात कर घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई।

जिला साहू संघ एवं नगर साहू के पदाधिकारियों द्वारा तत्कालीक आर्थिक सहयोग के रूप 10501 रुपये स्वर्गीय जागेश्वर साहू की माता जी को दी गई। जिसमें प्रमुख रूप से जिला साहू संघ के संयोजक कमल किशोर साहू, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार साहू, श्रीमती नीरा साहू, संगठन सचिव महेंद्र साहू, नगर अध्यक्ष कुलेश्वर दास साहू, अधिवक्ता प्रकोष्ठ से भागवत साहू, नरेश गंजीर, किसान प्रकोष्ठ के संयोजक मदन साहू, नगर साहू से संरक्षक मदन साहू, ईश्वर साहू, संजय साहू, मनहरण साहू सहित सामाजिक जन उपस्थित थे।

# कामर्स क्लब के सफल विद्यार्थियों को दी गई बधाई

राजनांदगांव (दावा)। कॉमर्स क्लब के सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में बहुत अच्छे अंक के साथ उत्तीर्ण होने के लिए बधाई एवं शुभकामनाये इसी तरह जीवन के हर क्षेत्र में सफलता हासिल करे तथा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कॉमर्स क्लब के सभी विद्यार्थियों ने दिखाए गए शिक्षा के मार्ग पर चलकर बहुत अच्छे अंक के साथ उत्तीर्ण होकर कॉमर्स क्लब का नाम ऊंचा किया इसी तरह आग बढें और सफलता हासिल करें।




कीर्ति सिन्हा (कक्षा 9वीं/95 प्रतिशत), तानिया सिन्हा (कक्षा 9वीं/69 प्रतिशत), डिम्पल सिन्हा (कक्षा 10वीं/85 प्रतिशत) वंशु सोनी (कक्षा 10वीं/ 83 प्रतिशत), विनीता निषाद (कक्षा 10वीं/ 82 प्रतिशत), ख्वाइश मरकाम (कक्षा 10वीं/79 प्रतिशत), भूमिका यादव (कक्षा 10वीं/78 प्रतिशत), रेनू रामटेके (कक्षा10वीं/70 प्रतिशत), संजू साहू (कक्षा 10वीं/ 68 प्रतिशत), गणेश साहू (कक्षा 10वीं/ 68 प्रतिशत), मोनिका वर्मा (कक्षा 10वीं/67 प्रतिशत), कशिश वर्मा (कक्षा 11वीं/76 प्रतिशत), दीपिका सहारे (कक्षा 11 वीं/ 72 प्रतिशत), सानिया परवीन (कक्षा 12वीं/82 प्रतिशत), तनु बंसोड (कक्षा 12वीं/76 प्रतिशत), बेबी धारगवे (कक्षा12वीं/74 प्रतिशत), वंदना निर्मलकर (कक्षा 12वीं/71 प्रतिशत), सुमेधा यादव (कक्षा 12वीं/71 प्रतिशत), चारु पटेल (कक्षा 12वीं/74 प्रतिशत), विभा साह (कक्षा 12वीं/74 प्रतिशत), अनुराग यादव (कक्षा12वीं/73 प्रतिशत), निशा महिलांग (कक्षा 12वीं/70 प्रतिशत), उमेश साहू (कक्षा 12वीं/68 प्रतिशत), स्वाति छेदाम (कक्षा 12वीं/66 प्रतिशत), टीनू साहू (कक्षा 12वीं/67 प्रतिशत), काजल यादव (कक्षा12वीं/68 प्रतिशत), हर्षिता यादव (कक्षा 12वीं/65 प्रतिशत), नीलाक्षी साहू (कक्षा 12वीं/69 प्रतिशत), रुपाली सिन्हा (कक्षा 12वीं/67 प्रतिशत), डाली साहू (कक्षा 12वीं/66 प्रतिशत), उज्जवल यादव (कक्षा12वीं/60 प्रतिशत), साक्षी सिन्हा (कक्षा 12वीं /60 प्रतिशत)।

### सोमनाथ निषाद का निधन

राजनांदगांव (दावा)। गठुला निवासी हेमंत निषाद के पिता सोमनाथ निषाद का निधन हो गया। ग्राम गठुला शीतला मंदिर दुर्गा मंदिर के पुजारी व बैगा कार्य कर रहे सोमनाथ का अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जहां ग्राम के लोगों ने उन्हें शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# भाषा परिवार को बनाती भी है और तोड़ती भी है - सुधाकर मुनि

## तेरापंथ भवन में चल रहा है जैन मुनियों का प्रवचन

राजनांदगांव (दावा)। जैन मुनि श्री सुधाकर ने आज यहां कहा कि संयुक्त परिवार भारत की संस्कृति रही है। आज परिवार टूट रहे हैं तो रिश्ते बिखर रहे हैं। परिवार संस्कारों की पाठशाला है। परिवार व्यक्ति के लिए शक्ति होती है। स्वार्थ वाला शकुनि और अहंकार वाला दुर्योधन यदि परिवार में हो तो महाभारत होना ही है। उन्होंने कहा कि हमें तो रामायण जैसा परिवार चाहिए जहां राम जैसा आज्ञाकारी पुत्र, लक्ष्मण जैसा भाई जो अपने भाई का साथ देने के लिए जंगल चले जाता हो, भारत जैसा भाई जो राजमहल में रहते हुए भी वनवासी जैसा जीवन जीता हो, सीता जैसी पत्नी जो अपने पति की सेवा के लिए राजमहल छोड़ जंगल चली जाती हो। उन्होंने कहा कि रामायण में 90 प्रतिशत घटनाएं ऐसी है जो यह बताती है कि हमारा जीवन कैसा होना चाहिए।

तेरापंथ भवन में आज मुनि श्री सुधाकर ने अपने नियमित प्रवचन में कहा कि हम परिवार में रहते हैं तो परिवार के सदस्यों को प्रति हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए, इस पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अच्छे परिवार के लिए चार चीजों पर ध्यान देना जरूरी है और यह चार चीजें हैं- भूषा, भाषा, भोजन और भजन। उन्होंने कहा कि लज्जा कपड़ों से नहीं बल्कि आपकी आंखों से झलकनी चाहिए। भूषा अर्थात ऐसा आवरण जो व्यक्ति एक बार धारण कर ले तो फिर उसे न छोड़े। उन्होंने कहा कि आपके परिवार में आज से पहले कोई परंपरा चली आ रही है जिसका आप तन मन से पालन करते आ रहे हैं, बाद में उसका मूल्यांकन होना चाहिए। वक्त के सामने जो भी हमारी परंपरा है परिवार के सामने उसका मूल्यांकन होना चाहिए। भूषा ऐसा धारण करना चाहिए जो प्रभावी हो। मुनि श्री सुधाकर ने कहा कि परिवार में आपकी भाषा कैसी होनी चाहिए, इस पर ध्यान देना जरूरी है। भाषा परिवार को जोड़ती भी है और तोड़ती भी है, इसलिए ऐसी भाषा का चयन करना चाहिए जो शिकायत की नहीं धन्यवाद की होनी चाहिए, आदेश की नहीं अनुरोध की होनी चाहिए। गलतियों को क्षमा करना सीखें । माफ करना बहुत मुश्किल होता है।

छोटी-छोटी बातों को हम दिल में रख लेते हैं। रिश्ता हमेशा कानून से नहीं वरन प्यार से चलता है। परिवार में अधिकांश झगड़ा भाषा के कारण ही होते हैं। उन्होंने कहा कि बेटियां मायके में आती है और मां-बाप पर प्यार ऐसे लुटाती है जैसे उनसे ज्यादा प्यार करने वाला कोई न हो, यदि इसी प्यार का आधा हिस्सा वह अपने ससुराल में लुटाए तो वह ससुराल स्वर्ग हो जाए। हर मां चाहती कि मेरा बेटा श्रवण कुमार बने। यदि हर पत्नी चाहती कि उसका पति श्रवण कुमार बने तो घर स्वर्ग हो जाए। स्त्रियां केवल बेटे को ही श्रवण कुमार बनाना चाहती है पति को नहीं। मुनि श्री सुधाकर ने कहा कि भोजन हमारा शुद्ध एवं सात्विक होना चाहिए। जैसा अन्न हम कहते हैं वैसा ही हमारा मन बनता है। भोजन बनाते समय मन पवित्र होना चाहिए जैसा अन्न आप खाओगे वैसा ही आपका विचार होगा। उन्होंने भजन के संबंध में कहा कि आप अपने परिवार के समक्ष आध्यात्म का भजन करें अर्थात आध्यात्मिक बातें करें। उन्होंने कहा कि परिवार में भोजन और भजन का विशेष प्रभाव पड़ता है। घर में कोई भी घटना घटे उसका सकारात्मक विश्लेषण करना चाहिए। हम नकारात्मक विचारों से उसका विचार करते हैं इसलिए अनहोनी होती है। उन्होंने कहा कि भोजन के समय यदि साथ में बैठकर प्रेम से बातें करें तो बड़ी से बड़ी समस्या का भी हल निकाला जा सकता है। परिवार में प्यार और बलिदान की भावना होनी चाहिए। परिवार में स्वार्थ की आहुति देनी चाहिए तभी परिवार बनता है। हम स्वार्थ को छोड़ दे और प्रेम की भावना रखें। परिवार को धर्ममय बनाएं। इस पूर्व नरेश मुनि ने कहा की जीवन के चार दिन है। यह चार दिन प्रेम से बताएं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सही चिंतन करता है, वह अपने गंतव्य की ओर बढ़ता है।

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला राजनांदगांव तहसील-तहसील राजनांदगांव प.ह.नं.-00039 चिखली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202324420536600082

**ईश्तहार**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.नं.00039 के अंतर्गत ग्राम चिखली के वर्तमान भूमिस्वामी दिनेश मिर्झा पिता- सोमलाल मिर्झा पता- चिखली के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 224/3 (0.0355) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दिनेश मिर्झा पिता सोमलाल मिर्झा पता- किरण डहरिया पिता/ पति-तोपसिंग पता- मनोज मिर्झा पिता सोमलाल मिर्झा पता- मोनिका कौशिक पिता/ पति-प्रकाश कौशिक पता- के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07/06/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/05/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, राजनांदगांव**

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा. मा. क्र. 202405093700014
अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीष कुमार बाफना आ. माणिकचंद बाफना, निवासी स्टेट बैंक कॉलोनी, आरा मशीन रोड, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला गंजलाईन स्थित शीट क्रमांक 48 डी, भूखण्ड क्रमांक-230, क्षेत्रफल 120.00 वर्गमीटर जो धारकगण मानकचंद बाफना, राजेन्द्र कुमार बाफना, सुरेन्द्र कुमार बाफना, प्रसन्न कुमार सभी आ. स्व. ताराचंद बाफना, निवासी-गंजलाईन के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड के सहधारक मानकचंद बाफना आ. स्व. ताराचंद बाफना की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके वारिसों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते हैं, पेशी तारीख 05.06.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच राजनांदगांव**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

238-3 190-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

श्री कृष्णा (एयरकुल) में

अंतिम पांचवा सप्ताह रोजाना 4 खेल

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत

बी.ए. फाईनल ईयर

छत्तीसगढ़ी भाषा में

कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि



ता. 24 से
मोर छंइहा भुंईयां 2

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX
17th May To 23th May 2024




Kingdom of The Planet of The Apes (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm




Srikanth - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# शहर में पीलिया तो गांवों में डायरिया ने दी दस्तक

## पीलिया से एक की मौत होने से दहशत का माहौल, स्वास्थ्य विभाग एलर्ट

राजनांदगांव (दावा)। मौसम में चल रहे उठा-पटक के दौर व पेयजल सम्बंधी परेशानियों के चलते एक बार फिर शहर के वार्डों में संक्रामक बीमारियों का प्रकोप देखने को मिल रहा है। शहर के पटरी पार इलाके व आउर वार्डों में पीलिया रोग के मामले सामने आ रहे है। वही गांवों में डायरिया फैलने की शिकायत मिल रही है।

तीन दिन पहले शंकरपुर वार्ड में पीलिया के दर्जन भर से अधिक मामले सामने आए थे जिसमें से एक युवक की पेंट्री मेडिकल कालेज हास्पिटल में उपचार के दौरान मौत-हो गई। इससे इस रोग को लेकर शहर में दहशत का माहौल दिखाई दे रहा है। बता दे कि शहर के वार्डों में जहां पीलिया जैसे संक्रामक रोग पैर फैला रहे है वही गांव-देहातों में भी डायरिया रोग फैलने के समाचार है। छुरिया क्षेत्र के ग्राम बीजेपी डायरिया फैलने से लोग उल्टी-दस्त से प्रभावित हुए। चार दिनों के भीतर दर्जन भर से अधिक पीड़ित ग्रामीणों को अलग अलग हास्पिटल में भती कराया गया। इसमें से एक ही हालत गंभीर बताई।

### लोगों को समझाईश

*मेडिकल कालेज हास्पिटल के डॉ. चेतन साहू ने बताया कि संक्रामक रोग पीलिया, डायरिया आदि फैलने की एक वजह जहां गंदा पानी, बासी खाद्य पदार्थों का सेवन भी है। साथ ही उन्होंने बताया कि शीतल पेय, यथा गन्ना रस, शर्बत, लस्सी आइसक्रीम आदि में बर्फ का उपयोग भी पीलिया रोग को बढ़ावा दे रहा है। बर्फ में नहीं दिखाई देने वाले वायरस होते है जो इन चीजों में मिलकर पेट में चले जाते है। जिससे संक्रामक रोगों की उत्पत्ति होती है। गर्मी के दिनों में नलों में साफ पानी नहीं आना भी इस तरह के संक्रामक रोगों के फैलने का उन्होंने एक बड़ा कारण बताया तथा कहा कि लोग पानी साफ कर के पिए वही सड़े गले पदार्थों के सेवन से बचे। फिलहाल शहर सहित गांवों में फैल रहे संक्रामक रोगों के मददे नजर स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन बीमारियों से सतर्क रहने की मुनादी करवा दी गई है। वही गांवों में जहां स्वास्थ्य कैम्प लगाए जा रहे है वही घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण व स्वास्थ्य संबंधी अन्य जानकारियां ली जा रही है।*

गर्मी के दिनों में पीलिया डायरिया जैसे रोग के फैलने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मुड में आ गया है। मेडिकल कालेज हास्पिटल पेंड्री के अधीक्षक डॉ. प्रदीप बैक ने बताया कि हास्पिटल में संक्रामक बीमारियों के रोकथाम के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अस्पताल में पहुंच रहे मरीजों को फौरी तौर पर इलाज करने के साथ-साथ समझाईश भी दी जा रही है। जिला चिकित्सालय बसंतपुर के सिविल सर्जन डॉ. यू.के. चन्द्रवंशी ने बताया कि उनके हास्पिटल में पीलिया के मरीज आ रहे है। दो-चार दिनों पहले शहर के एक वार्ड के पीलिया के मरीज मरीज आने पर उनकी ज्यादा खराब स्थिति को देखते हुए रायपुर रिफर कर दिया गया। छुरिया क्षेत्र के गांव डायरिया फैलने के चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा वहा स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया है।

### लोगों में दशहशत का माहौल

जिला अस्पताल में पीलिया के मरीज आने तथा उसे उपचार हेतु अन्यत्र रिफर किए जाने व पेंड्री मेडिकल कालेज हास्पिटल में इलाज के दौरान पीलिया के मरीज की मौत हो जाने से लोगों में दहशत का माहौल दिखाई देने लगा है। बता दे कि कई वर्ष पहले पीलिया डायरिया गैसे बीमारियों से लखोली वार्ड में कई जाने जा चुकी है। इसकी वजह पाईप लाइन में नाले का गंदा पानी का शामिल होना पाया गया था। वर्तमान में भी कुछ-कुछ ऐसी ही स्थितियां है। नाले -नालियों के अन्दर से पानी का पाइप लाइन गुजरे होने से इस तरह के संक्रामक रोग फैलने की बाते सामने आ रही है। इस तरह के कारणों के चलते विशेष रूप से पटरी पार के इलाके सहित लखोली बसंतपुर कौरिनभाठा, पेंड्री, सेठी नगर, ठाकुर दैया पारा आदि ऐसे स्थान है जहां इस प्रकार की बीमारियां तेजी से पैर फैलाती है। बहरहाल स्वास्थ्य विभाग सतर्क होकर घर-घर पहुंच कर लोगों की स्वास्थ्य की जानकारी लेने में जुट गया है।

# अजीज़ पब्लिक स्कूल दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, सभी बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

लक्ष्मी साहू ने 89 प्रतिशत लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया



डोंगरगढ़ (दावा)। अजीज पब्लिक स्कूल रामाटोला के छात्र छात्राओं ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में सफलता का परचम लहराया। इस संस्था का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में लक्ष्मी साहू ने 89 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। नामदेव साहू एवं नोमिता साव दोनों ने 84.33 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अलीमुन निशा ने 83.5 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं बोर्ड परीक्षा में सफल हुए सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधक, शिक्षकगण, स्कूल के प्राचार्य सचिन पाल सिंह ठाकुर एवं उपप्राचार्य तन्मय शर्मा द्वारा बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कराई बीपी एवं शुगर की जांच



**कलेक्टर ने जिले के नागरिकों को उच्चरक्तचाप एवं मधुमेह संबंधित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का किया आग्रह**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज विश्व उच्चरक्तचाप दिवस पर कलेक्टारेट सभाकक्ष में बैठक के दौरान बीपी एवं डायबिटीज की जांच कराई। उन्होंने कहा कि वे नियमित योग एवं प्राणायाम करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए सभी को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराना चाहिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को स्वास्थ्य परीक्षण कराने कहा। उन्होंने जिले के नागरिकों को उच्चरक्तचाप एवं मधुमेह संबंधित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने कहा। विश्व उच्चरक्तचाप दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कलेक्टारेट परिसर में शिविर लगाकर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों का स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर में बीपी एवं शुगर जांच सहित अन्य जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को निःशुल्क दवाईयों का भी वितरण किया गया। उच्च रक्तचाप मिलने पर मरीजों को वजन संतुलित रखने, चिकित्सकीय सलाह के अनुसार दवाई लेने, शारीरिक गतिविधियों में वृद्धि, शराब एवं तम्बाकू सेवन नहीं करने, संतुलित आहार, फल व सब्जियों का भरपूर सेवन करने, तनाव से बचने, रक्तचाप की नियमित जांच कराने एवं तेल, घी एवं नमक का सेवन कम करने की सलाह दी गई। मधुमेह के मरीजों को प्राथमिक रोकथाम के लिए शरीर के वजन को सामान्य बनाये रखने, पोषण तत्वों से भरपूर भोजन का सेवन करने, नियमित व्यायाम करने, तम्बाकू और शराब का सेवन नहीं करने की सलाह दी गई। इसी तरह विशिष्ट रोकथाम के लिए रक्तचाप को स्थिर बनायें रखने, रक्त शर्करा का स्तर बनाये रखने, आदर्श वजन बनाये रखने, आंख व पैरों की जांच नियमित रूप से करने की सलाह दी गई।

# यदि मन में प्रसन्नता हो तो सभी समस्याओं का हल निकल जाता है-सुधाकर मुनि

**सनसिटी में मुनि श्री ने तनाव से मुक्ति के कारण बताएं**



राजनांदगांव (दावा)। युग प्रधान गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य मुनि श्री सुधाकर ने आज यहां कहा कि दुनिया में यदि कोई सबसे बड़ा कोई धर्म है तो वह है प्रसन्नता। जीवन में सब कुछ हो किंतु शांति, आनंद, प्रसन्नता ना हो तो सब कुछ बेकार है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में एक समस्या उभर रही है और वह है तनाव। आज भारत जैसे धर्म मय देश में भी तनाव की वजह से आत्महत्या जैसे मामले बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिस्थिति कैसी भी हो कोई फर्क नहीं पड़ता। यदि मन में प्रसन्नता हो तो सभी समस्याओं का हल निकल जाता है।

जीवन जीने की कला है प्रसन्नता। मुनि सुधाकर जी आज सनसिटी में प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आप आठ सूत्रों को याद रखें और प्रसन्न रहे तो जीवन में कभी हताश नहीं होंगे। उन्होंने आठ सूत्रों के बारे में बताते हुए कहा कि अपने में खुश रहे, दूसरों की कमियों को नहीं बल्कि दूसरों की खूबियों को देखो, जिंदगी में मुस्कुराना सीखो, क्या करें कि सदा खुश रहे, खुश कैसे रहें, खुश रहना है तो खुशियां बांटना सीखें, सकारात्मक सोच और एलएमएल अर्थात लोड मत लीजिए। मुनि श्री सुधाकर ने कहा कि किसी को कुछ मिलता है तो किसी को कुछ-कुछ मिलता है और किसी को बहुत कुछ मिलता है तथा किसी भाग्यशाली को सब कुछ मिलता है किंतु ऐसा भाग्यशाली कोई नहीं हुआ जिसे सब कुछ मिला हो। आप यह नहीं देखे कि आपके पास क्या नहीं है बल्कि आप यह देखें कि आपके पास क्या है। तुलना करने से दुख पैदा होता है, ईर्ष्या पैदा होती है इसलिए तुलना ना करें। दूसरों की कमियों को नहीं बल्कि दूसरों की खूबियों को देखें तो आपके मन में प्रमोद की भावना जन्म लेगी। अगर कमियों को देखोगे तो रिश्ते टूटेंगे अगर खूबियों को देखोगे तो रिश्ते जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जिंदगी में मुस्कुराना सीखो। आप किसी से भी मुस्कुराते हुए मिलते हैं तो सामने वाला भी आपसे मुस्कुराकर ही मिलेगा। मुस्कान में बड़ी शक्ति है। हंसते रहिए, मुस्कुराते रहिए। उन्होंने कहा कि जहां जीवन है वहां समस्या है और जहां जीवन नहीं वहां कोई समस्या नहीं। मुनि श्री सुधाकर ने कहा कि अगर चेहरे पर मुस्कान है तो आप गुस्सा कर ही नहीं सकते। इस गुस्से के कारण कितने परिवार टूट रहे हैं। इस गुस्से के कारण न जाने कितनी सफलताएं असफलता में बदल जाती है। उन्होंने कहा कि क्या करें कि सदा खुश रहें। आपके हाथ में रिमोट है। आज रिसीविंग सेंटर मजबूत है किंतु कंट्रोलिंग सेंटर कमजोर है। लोगों की कैचिंग पॉवर अच्छी है किंतु क्या सुनना है और किस चीज को ग्रहण करना है, यह वह नियंत्रित नहीं कर पा रहा है। हम चेतनशील प्राणी हैं हमें यह सोचना चाहिए कि किसे ग्रहण करें और किसे नहीं। हम अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नहीं रख पाते। तनाव के कारण ही आत्महत्या और अटैक जैसे मामले बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पैसों की भूख बड़ी खतरनाक होती है यह आदमी की चैन छिन लेती है, नींद उड़ा देती है। मुनि सुधाकर जी ने खुश कैसे रहे विषय पर बताते हुए कहा कि हम काम को भार नहीं उपहार मानें। अगर खुश रहना है तो काम को उपहार के समान लें और पूरी एकाग्रता से काम करें। खुश रहना है तो खुशियां बांटना सीखें जो आप देंगे, वही आपको लौट कर मिलेगा। अगर आप किसी को चंदन लगाते हो तो सामने वाले का माथा बाद में महकेगा पहले आपकी अंगुली महके आप अपनी सोच सकारात्मक रखें। आप इतने सकारात्मक रहे कि आपको स्वयं ही परिवर्तन का एहसास हो। उन्होंने कहा कि लोड मत लीजिए। जितना आप लोड लेंगे उतनी ही चिंता बढ़ेगी। जब आपका मन शांत रहेगा तब आप अपने सामने आने वाली बड़ी से बड़ी समस्या का भी समाधान ढूंढ निकालेंगे। अगर मन फेवरेबल है तो स्टार अपने आप फेवरेबल हो जाएंगे। आज के कार्यक्रम में सनसिटी परिवार के विनोद बोहरा, प्रदीप गांधी, मिश्रीलाल गोलछा एवं सदस्यगण एवं तेरापंथी परिवार के सदस्य गण उपस्थित थे।

# दो आरोपी गिरफ्तार, रिमांड में जेल भेजा गया







डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में तत्काल कार्यवाही का निर्देश प्राप्त होने पर आरोपियों के खिलाफ, धारा 506, 2डी, 6 पाक्सो एक्ट एवं धारा 506, 376 आईपीसी की धारा के तहत तत्काल कार्रवाई की गई।

घटना पुलिस चौकी मोहरा थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र की है। दिनांक 15 मई एवं दिनांक 16 मई को प्रार्थिया के पुलिस चौकी आकर रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही कर आरोपी पारस राम वर्मा पिता रामजी वर्मा उम्र 35 साल डोडकी एवं झलेश साहू पिता अंजोरी साहू उम्र 30 साल ग्राम कसारी को गिरफ्तार कर रिमांड में भेजा गया। कार्रवाई में पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव तथा उनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

# युगांतर में सीबीएसई दसवीं और बारहवीं के टॉपर हुए सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। 18 मई भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में आज सीबीएसई दसवीं बोर्ड तथा बारहवीं बोर्ड के टॉपर विद्यार्थी अपने पालक सहित विद्यालय के सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक अकेडमिक्स सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया, अखराज कोटड़िया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, प्राचार्य डॉ.मधु पी चौधरी की उपस्थिति में सम्मानित हुए। इनमें सीबीएसई दसवीं बोर्ड के कुल 22 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाया।

अद्वित्य सिंह ठाकुर 96.4 प्रतिशत, सौम्या मोटलानी 95.8 प्रतिशत, सौम्या देवांगन 95.2 प्रतिशत, रौनक अग्रवाल 93.8 प्रतिशत, सौम्या लोहिया 92.6 प्रतिशत, अनुष्का जैन 91.4 प्रतिशत, हितेश घनसनी 91.4 प्रतिशत, रिद्धि पारख 90.6 प्रतिशत, हिमानी जोगी 90.4 प्रतिशत, अर्हन जैन 90.4 प्रतिशत, पूर्वी कोठारी 89.2 प्रतिशत, प्रार्थना डागा 89.2 प्रतिशत, सामर्थ भीमनानी 89.2 प्रतिशत, एंजल मरकाम 88.8 प्रतिशत, ऋषभ पारख 87.6 प्रतिशत, आशीष मिंज 87.2 प्रतिशत, श्रिया बैद 87 प्रतिशत, मिष्टी तेजवानी 86.6 प्रतिशत, यशश्वी रुंगटा 85.8 प्रतिशत, वसुंधरा जैन 85.4 प्रतिशत, आर्या रहटगोंकर 85.2 प्रतिशत, शुभांशु कश्यप 85.2 प्रतिशत अंक अर्जित करने पर सम्मानित हुए। इसी तरह सीबीएसई बारहवीं बोर्ड में 24 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करके विद्यालय और नगर का नाम गौरवान्वित किया है। इनमें रिद्धिमा अग्रवाल 95.8 प्रतिशत, ईशान गुप्ता 94.6 प्रतिशत, ओमप्रकाश मोटलानी 94.2 प्रतिशत, हुसैन जमिल 94 प्रतिशत, स्वप्निल टल्लू 93.2 प्रतिशत, अक्षत कोचर 92.4 प्रतिशत, खुशी बया 92.2 प्रतिशत, पुष्कर अग्रवाल 91.4 प्रतिशत, अनुष्का जैन 91 प्रतिशत, राशि राय 90.4 प्रतिशत, निशिता अग्रवाल 90 प्रतिशत, तेजराज सिंह भाटिया 90 प्रतिशत, रिया शुक्ला 89.6 प्रतिशत, ऐश्वर्या रमेश 89.4 प्रतिशत, आस्था खंडेलवाल 89.2 प्रतिशत, लक्ष्य बत्रा 89 प्रतिशत, नोमन कोशले 88.4 प्रतिशत, आराध्य गुप्ता 87.6 प्रतिशत, नमन सिंह 87.6 प्रतिशत, लुपासा नागपुरे 87.2 प्रतिशत, गुरमन सिंह भाटिया 86.2 प्रतिशत, तनीषा जैन 86.2 प्रतिशत, अभय बैद 86 प्रतिशत, दीक्षा साहू 86 प्रतिशत अंक अर्जित करने पर सम्मानित हुए।

इस अवसर पर संस्था के निदेशक अकेडमिक्स सुशील कोठारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका यह परीक्षाफल आपके भविष्य निर्माण का आधार बनेगा। इसी तरह के विचार निर्देशक अकेडमिक्स नरेंद्र कोटड़िया ने भी रखे। प्रावीण्य सूची में स्थान निर्धारित करने वाले विद्यार्थियों और उनके पालकों का त्वरित फीडबेक लिया गया। सभी विद्यार्थियों तथा उनके पालकों ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण की मुक्त कंठ से सराहना की है।

# छठे चरण के मतदान के पूर्व सांसद संतोष पाडेय उड़ीसा के क्योंझर लोकसभा में करेंगे प्रचार



राजनांदगांव (दावा)। वर्तमान में लोकतंत्र के महापर्व में जारी लोकसभा चुनाव के छठे चरण में सात राज्यों के 57 सीटों पर चुनाव होना है बाकी है, उसी तारतम्य में उड़ीसा राज्य की छह सीटों पर आगामी 25 मई को चुनाव होना है जिस हेतु भाजपा संगठन द्वारा सांसद संतोष पांडेय को क्योंझर लोकसभा क्षेत्र में पार्टी के प्रचार-प्रसार का अहम दायित्व सौंपा गया है। उड़ीसा राज्य की यह लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीट है जिसमें सांसद संतोष पांडेय को भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार-प्रसार का दायित्व एवं भाजपा के पक्ष में पार्टी लेवल पर बैठक एवं सभा आयोजित कर संगठनात्मक मजबूती प्रदान करने, चुनावी रणनीति बनाने, प्रचार-प्रसार की समीक्षा करने एवं पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं मतदाताओं के साथ मिलकर सघन जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में वोट बढ़ाने के लिये भाजपा आलाकमान द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर जिले में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**3863 नागरिकों ने कराया उच्चरक्तचाप एवं मधुमेह की जांच**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में विश्व उच्चरक्तचाप दिवस के अवसर पर जिले में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन के निर्देशन में विश्व उच्चरक्तचाप दिवस पर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं कलेक्टोरेट परिसर, एसडीएम कार्यालय एवं जनपद पंचायतों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में नागरिकों ने उच्चरक्तचाप एवं मधुमेह की जांच कराई।

जिले में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में 3863 नागरिकों का उच्चरक्तचाप एवं मधुमेह का जांच की गई। जांच में 346 उच्चरक्तचाप एवं 180 मधुमेह के मरीज पाये गए। जिन्हें उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क जांच एवं उपचार कराने की सलाह दी गई। साथ ही नागरिकों को उच्चरक्तचाप एवं मधुमेह से संबंधित बीमारियों के रोकथाम के लिए स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने लिए जागरूक किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा ने बताया कि विश्व उच्चरक्तचाप दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर निःशुल्क उच्चरक्तचाप एवं मधुमेह की जांच की गई। मरीजों को निःशुल्क दवाईयों का भी वितरण किया गया। उच्च रक्तचाप मिलने पर मरीजों को वजन संतुलित रखने, चिकित्सकीय सलाह के अनुसार दवाई लेने, शारीरिक गतिविधियों में वृद्धि, शराब एवं तम्बाकू सेवन नहीं करने, संतुलित आहार, फल व सब्जियों का भरपूर सेवन करने, तनाव से बचने, रक्तचाप की नियमित जांच कराने एवं तेल, घी एवं नमक का सेवन कम करने की सलाह दी गई। मधुमेह के मरीजों को प्राथमिक रोकथाम के लिए शरीर के वजन को सामान्य बनाये रखने, पोषण तत्वों से भरपूर भोजन का सेवन करने, नियमित व्यायाम करने, तम्बाकू और शराब का सेवन नहीं करने की सलाह दी गई।

इसी तरह विशिष्ट रोकथाम के लिए रक्तचाप को स्थिर बनायें रखने, रक्त शर्करा का स्तर बनाये रखने, आदर्श वजन बनाये रखने, आंख व पैरों की जांच नियमित रूप से करने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि परिवार के किसी सदस्य को उच्च रक्तचाप, अधिक वजन या मोटापा, शराब का अत्यधिक सेवन, गुरदे की बीमारी, तनाव के कारण, अत्यधिक नमक का सेवन उच्च रक्तचाप के कारण हो सकते है। इसी तरह जल्दी-जल्दी पेशाब आना, वजन घटना, प्यास बहुत ज्यादा लगना, कमजोर अथवा थकान होना मधुमेह के लक्षण है। अपने रक्तचाप व रक्त में शर्करा की जांच अपने निकट के चिकित्सा सुविधा केन्द्र में जरूर कराते रहें। मधुमेह बीमारी प्रमाणित होने पर नियमित दवाई लेने के साथ नियमित दिनचर्या का पालन जरूर करें। रक्त में शर्करा की मात्रा कम करने, इन्सुलिन के स्तर में सुधार, मधुमेह रोग का अच्छा नियंत्रण एवं हृदय संबंधी रोगों से बचाव के लिए नियमित योग व्यायाम जरूर करें।

# भ्रामक प्रचार से बचें, मोदी जी 400 पार कर रहे हैं - कोमल सिंह राजपूत



राजनांदगांव(दावा)। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने लोकसभा चुनाव के बारे में दावा करते हुए कहा है कि मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए 400 को पार होने जा रही है, उन्होंने कहा कि आजकल सोशल मीडिया में अफवाह का बाजार गर्म है, इसलिए कार्यकर्ताओं को सतर्क सावधान एवं तटस्थ रहने का आव्हान किया है। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कोमल सिंह ने कहा कि आज तक चार चरण समाप्त होने के बाद बीजेपी ने तो बहुमत हासिल करने का एलान कर दिया है, विपक्ष परेशान हो गया है. अब वे विदेशी डीप स्टेट की सहायता से टीवी पर, यूट्यूब पर, पॉडकास्ट इत्यादि सोशल मीडिया पर बीजेपी हार रही है, ऐसा भ्रामक प्रचार कर रही है, उनके पास अब और कोई चारा नहीं बचा वे इस मृगजल में फँसे हुए हैं, कि शायद बचे हुए 3 चरणों में उनकी स्थिति सुधार जाए।

श्री राजपूत ने कहा कि आज के नागरिक सुज्ञ हैं और विचारशील हैं, भ्रामक प्रचार से प्रभावित नहीं ही होंगे, ना अन्यों को होने देंगे। बस यही अपना कर्तव्य है कि विचलित हुए बिना अपने लक्ष्य को 400+ को प्राप्त करना ही है। अब वास्तविकता को बताते हुए कहा कि वोटों का प्रतिशत 3 चरणों में कम हुआ, चौथे में गति पकड़ ली, इसका विश्लेषण यदि करें तो विपक्ष जहां हताश है, अपनी हार क़बूल कर चुका है, वहाँ वोट कम पड़े हैं। बीजेपी का कमिटेड वोट तो कम नहीं हुआ। बंगाल में वोट प्रतिशत ज़्यादा पड़ा, बंगाल की जनता ममता के हथकंडों से ऊब गई है। आज टीएमसी उसी स्थिति में है जहां कम्युनिस्ट एंड अंतिम काल में थे, विकास की बजाय ममता ने तुष्टिकरण और बाहुबल का आश्रय लिया, जनता कब तक सहन करेगी तो बंगाल में अधिक वोट प्रतिशत परिवर्तन का सूचक है।

राजपूत ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों से जोर देकर कहा कि हमें अनर्गल भ्रामक प्रचार से दूर रह कर अपने लक्ष्य के प्रति अंतिम चरण तक सजग रहना है। कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि तीसरी बार मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के प्रथम 100 दिन में, सबसे पहले मेक्रो क्लीनिंग कर के समाज का वातावरण शुद्ध करने के कठोर कदम उठाने होंगे, ताकि शेष समय जन हित, देश हित और राष्ट्र हित में लगाया जा सके। जितने भी स्पीड ब्रेकर्स हैं उनको हटाकर विकास की गति तेज करनी होगी तभी भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगी ऐसा पूरा विश्व अभी से मान रहा है, सिर्फ देश का विपक्ष शोर मचाए हुए हैं।

# अनमोल दावा

**धैर्य होना अत्यंत आवश्यक है, अगर किसी पौधे को सौ घड़े तक भी सींचता रहे तब भी फल और फूल तो मौसम आने पर ही लगेंगे...**

## अंधविश्वास के खिलाफ लोगों के बीच वैज्ञानिक चेतना पैदा करने की जरूरत

शिक्षा-दीक्षा और वैज्ञानिक पद्धतियों के व्यापक विकास-विस्तार के बावजूद ऐसी स्थिति क्यों कायम है, जिसमें अंधविश्वास का कारोबार करने वालों और इस संजाल में लोगों को फंसा कर उनसे अपराध तक कराने वालों में कोई हिचक नहीं है।

जिस दौर में किसी भी मसले पर छाए धुंध को विज्ञान के सहारे साफ कर लिया जाता है, उसमें अंधविश्वास के चलते एक बच्चे की जान ले लेना हैरान करता है। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में एक तांत्रिक ने दो युवकों के साथ मिल कर एक आठ वर्ष के बच्चे की गला काट कर हत्या कर दी, उसके साथ तंत्र-मंत्र का कर्मकांड किया और शव को गड्ढा खोद कर छिपा दिया।

इन लोगों को लगता था कि ऐसा करने से जंगल में कहीं गड़ा खजाना मिल जाएगा। एकबारगी यह अविश्वसनीय लगता है कि वैज्ञानिक चेतना के विकास के बीच भी क्या ऐसी घटनाएं हो सकती हैं! मगर आज भी ऐसे तमाम लोग हैं, जिन्हें लगता है कि जादू-टोना, तंत्र-मंत्र या कर्मकांड के सहारे कुछ मनचाहा हासिल किया जा सकता है। सवाल है कि शिक्षा-दीक्षा और वैज्ञानिक पद्धतियों के व्यापक विकास-विस्तार के बावजूद ऐसी स्थिति क्यों कायम है, जिसमें अंधविश्वास का कारोबार करने वालों और इस संजाल में लोगों को फंसा कर उनसे अपराध तक कराने वालों में कोई हिचक नहीं है।

सही है कि तकनीक का विस्तार आज दूरदराज के इलाकों तक हो चुका है और इसके जरिए ज्यादातर लोगों तक कई भ्रामक वैज्ञानिक व्याख्याएं पहुंच पाती हैं। मगर जिस विज्ञान और तकनीक के सहारे अज्ञानता पर पड़े पर्दे को हटाने में मदद मिल सकती है, उसी के सहारे कुछ लोग अंधविश्वास फैलाने वाली सामग्री भी परोसते हैं।

आज तकनीकी संजाल का विकास इस तरह हो गया है कि कोई व्यक्ति इंटरनेट पर अपनी रुचि से जो सामग्री देखता-पढ़ता है, उसे उसी से संबंधित चीजें ज्यादा दिखने लगती हैं। इस वजह से भी तकनीक के सहारे विज्ञान को समझने की कोशिश शुरू करने वाला कोई व्यक्ति फिर अंधविश्वास के जाल में उलझ जाता है।

संविधान के अनुच्छेद 51 ए के अनुसार वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना सरकार की जिम्मेदारी है। अपराध घटित होने पर कानूनी कार्रवाई होती है, मगर यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने में सरकारों की भी दिलचस्पी नहीं दिखती कि अंधविश्वास का जाल फैलाने वाली गतिविधियों को रोका जाए और लोगों के बीच वैज्ञानिक चेतना के विकास के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।




# चुनाव आयोग पर उठते सवाल और उसकी गिरती साख

**विनीत खरे**

साल 1952 में भारत में जब पहले आम चुनाव की बात उठी तो कई लोगों को लगा कि ये कैसे होगा. करीब 17 करोड़ वोटरों में सिर्फ़ 15 प्रतिशत ही पढ़ और लिख सकते थे. डर था कि चरमपंथी गुट इस मौके का इस्तेमाल सांप्रदायिक तनाव भड़काने के लिए करेंगे. दुनिया की निगाहें भारत पर थीं और चुनौतियों और सवालों के बावजूद नए आज़ाद हुए भारत में सफ़लतापूर्वक चुनाव करवाने के लिए चुनाव आयोग की काफ़ी तारीफ़ हुई थी.

इस भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पहले सुकुमार सेन और बाद में टीएन शेषन, जेएम लिंगदोह जैसे मुख्य चुनाव आयुक्तों ने मज़बूती दी. स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाने का सारा दारोमदार चुनाव आयोग पर ही है.

हम 543 संसदीय सीटों के लिए हो रहे चुनाव के मध्य में हैं और सात चरणों के लिए करीब 97 करोड़ योग्य मतदाता हैं. लेकिन ये चुनाव का दौर ऐसा है जब चुनाव आयोग आरोपों और विवादों के केंद्र में हैं. इन आरोपों में एक आरोप की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है.इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भारतीय चुनाव आयोग को एक सप्ताह के अंदर मतदान संबंधी आंकड़ों को जारी करने से संबंधित याचिका पर अपना पक्ष रखने को कहा है.एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और कॉमन कॉज़ की याचिका में बूथों पर मतों की संख्या संबंधित फॉर्म 17-सी की स्कैनड कॉपी अपलोड करने संबंधी याचिका दाखि़ल की थी.इस याचिका में मांग की गई है कि चुनाव आयोग मतदान में मतों की कुल गिनती की संख्या मतदान ख़त्म होने के तुरंत बाद वेबसाइट पर जारी करे.भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाय चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्दीवाला और मनोज मिश्रा की बेंच इस मामले की अगली सुनवाई 24 मई को करेगी.इस आरोप के अलावा चुनाव आयोग पर कई दूसरे आरोप भी लग रहे हैं. विपक्ष सरकारी एजेंसियों का विपक्षी नेताओं के ख़िलाफ़ दुरुपयोग का आरोप पहले से लगाता आया है. ठीक चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी को लेकर भी विपक्ष सरकार पर हमलावर रही है. विपक्ष के मुताबिक चुनाव आयोग को इन मामलों को भी नैतिक तौर पर देखना चाहिए,



हालांकि चुनाव के दौरान भी लॉ इन्फोर्समेंट एजेंसी, चुनाव आयोग के अधीन नहीं होती हैं और वह अपनी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होती हैं. इस तरह विपक्ष लगातार कई मुद्दों को लेकर चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है. आरोप लग रहे हैं कि चुनाव आयोग सत्तारूढ़ बीजेपी को लेकर बेहद नर्म है और विपक्ष को लेकर गमटीएमसी नेता डेरेक ओब्रायन ने कहा कि चुनाव आयोग पक्षपाती अंपायर की तरह बर्ताव कर रहा है. अपनी शिकायतों को लेकर विपक्षी इंडिया गठबंधन का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से भी मिला.बीबीसी की कई कोशिशों के बावजूद चुनाव आयोग से इन आरोपों पर जवाब नहीं मिल पाया लेकिन कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे के एक सवाल के जवाब में चुनाव आयोग ने कहा, ÷चुनाव प्रक्रिया के दौरान चुनाव आयोग राजनीतिक दलों पर टिप्पणी करने से बचता है क्योंकि उसे सभी राजनीतिक दलों के साथ सम्मानपूर्वक, सहयोगी रिश्ते में विश्वास है. ये एक स्वस्थ भारतीय लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है.

जर्मनी के हाइडिलबर्ग विश्वविद्यालय में राजनीतिशास्त्र के प्रोफ़ेसर और इंडिपेंडेंट पैनल फ़ॉर मॉनिटरिंग इलेक्शंस के सदस्य डॉक्टर राहुल मुखर्जी विपक्ष की चिंताओं से सहमत हैं.वो कहते हैं, ÷चुनाव आयोग को न सिर्फ़ निष्पक्ष होना चाहिए, बल्कि निष्पक्ष दिखना भी चाहिए. आप देखिए कि किस तरह चुनाव आयोग प्रधानमंत्री को हेट स्पीच के लिए फटकार नहीं लगा पाया, बल्कि उसने पार्टी अध्यक्ष को जवाबदेह बना दिया. दरअसल, 21 अप्रैल को राजस्थान के बांसवाड़ा में चुनावी भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुसलमानों पर टिप्पणी की और घुसपैठिए और ज़्यादा बच्चे पैदा करने वाला जैसे जुमलों का इस्तेमाल किया.विपक्ष ने चुनाव आयोग से शिकायत की. कई हलकों में इस भाषण को मुसलमानों के ख़िलाफ़ हेट-स्पीच बताया गया. लेकिन चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री मोदी की जगह भाजपा अध्यक्ष को नोटिस भेजा.पूर्व चुनाव आयुक्त टीएस कृष्णमूर्ति ने बीबीसी से बातचीत करते हुए कहा कि अगर विपक्ष चुनाव आयोग के कदमों से खुश नहीं है तो उन्हें न्यायालय का रुख करना चाहिए.पूर्व चुनाव आयुक्त ओपी रावत आयोग के कदम से सहमत नहीं हैं, बीबीसी से बातचीत में कहते हैं, जब शिकायत प्रधानमंत्री के ख़िलाफ़ है तब नोटिस प्रधानमंत्री को भेजिए.

भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा ने चुनाव आयोग को भेजे जवाब में प्रधानमंत्री के भाषण का बचाव किया.एक टीवी चैनल से बातचीत में बांसवाड़ा वाले भाषण से जुड़े सवाल के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ÷मैं हैरान हूँ जी. ये आपसे किसने कहा कि जब ज़्यादा बच्चों की बात होती है तो मुसलमान की बात जोड़ देते हैं. क्यों मुसलमान के साथ अन्याय करते हैं आप.लेकिन पीएम मोदी ने एक रैली में फिर मुसलमानों के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर आरोप लगाए और कहा, ÷बाबा साहेब धर्म के आधार पर आरक्षण के ख़िलाफ़ थे. लेकिन कांग्रेस कह रही है कि एसटी, एससी, ओबीसी और ग़रीबों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे देंगे. कांग्रेस आपकी संपत्ति को भी ज़ब्त करके अपने वोट बैंक को देने की तैयारी में हैं. प्रधानमंत्री मोदी के 21 अप्रैल के विवादित भाषण के बारे में चुनाव आयोग ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है. इन विवादित भाषणों के अलावा भाजपा का वरिष्ठ नेतृत्व कांग्रेस के घोषणा पत्र पर शरिया कानून या मुस्लिम लीग जैसी टिप्पणियां कर रहा है. विपक्ष सवाल उठा रहा है कि चुनाव आयोग ने इन टिप्पणियों का संज्ञान क्यों नहीं लिया.उधर, पूर्व चुनाव आयुक्त टीएस कृष्णमूर्ति के मुताबिक़, ये पहली बार नहीं हैं जब चुनाव आयोग पर आरोप लगे हैं. वो कहते हैं, पार्टियों की संख्या, वोटरों की संख्या, पोलिंग बूथों की संख्या, सब बढ़े हैं. पार्टियों के बीच लड़ाइयां तीखी हुई हैं. चुनाव आयोग के ख़िलाफ़ शिकायतें भी बढ़ी हैं.

11 मई को ग़ैर-सरकारी संगठनों ने कई शहरों में चुनाव आयोग के ख़िलाफ़ ग्रो ए स्पाइन ऑर रिज़ाइन या दृढ़ता दिखाओ या इस्तीफ़ा दो कैंपेन शुरू किया.उनकी नाराज़गी लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव आचार संहिता के कई उल्लंघनों के बावजूद चुनाव आयोग की निष्क्रयता से थी. इस कैंपेन के अंतर्गत लोगों ने चुनाव आयोग को पोस्टकार्ड पर संदेश लिखकर भेजे.कैंपेन के मुताबिक़, अब तक 12 शहरों से करीब तीन हज़ार शिकायती पत्र चुनाव आयोग को भेजे गए हैं.इस कैंपेन से जुड़े विनय कुमार के मुताबिक़ उनकी मांगों में चुनाव के दौरान हेट-स्पीच पर नियंत्रण शामिल है. कैंपेन की मांग है कि चुनाव आयोग हर चरण में डाले गए कुल वोटों की संख्या बताए. लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में हुई वोटिंग के आंकड़ों में बड़ी अनिश्चितता को देखते हुए सिविल सोसाइटी के कुछ जाने-माने लोगों ने चुनाव आयोग से अपील की है कि वो फॉर्म 17सी के पार्ट वन के आंकड़े अपनी वेबसाइट पर जारी करे ताकि कुल मतदान का सही आंकड़ा पता लग सके. सीताराम येचुरी जैसे विपक्षी नेताओं ने भी सवाल उठाए कि चुनाव आयोग प्रतिशत की बजाए डाले गए वोटों की कुल संख्या क्यों नहीं बता रहा है.उनका कहना था कि जब तक संख्या की जानकारी न हो, प्रतिशत का कोई मतलब नहीं है. कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, इन संदेहों को कम करने के लिए, आयोग को न सिर्फ़ हर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (और संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों) का डेटा जारी करना चाहिए था, बल्कि उसे प्रत्येक मतदान केंद्र में वोटर टर्नआउट डेटा भी जारी करना चाहिए था.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम :150 सीताजी की पहली रसोई, स्वादिष्ट भोजन से तृप्त संपूर्ण परिवार

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



परात में मुद्रा ढूंढने का खेल जारी है।माता सुमित्रा ने कहा, ''मेरे पुत्र और पुत्रवधू में अद्भुत प्रेम है, जो ये एक - दूसरे से जीतना ही नहीं चाहते हैं।''माता कैकई ने कहा, ''हमारे पुत्रों और उनकी वधुओं में जीवन भर गहरा सामंजस्य रहेगा दीदी!''

राज परिवार की स्त्रियां और अन्य लोग क्रमशः श्री राम और सीता जी के पक्ष में होकर उनका उत्साह वर्धन करने लगे और मुद्रा उन्हें मिलने की भविष्यवाणी करते रहे।

बहुमत के जानकी जी के पक्ष में होने पर लक्ष्मण जी ने विनोदपूर्ण स्वर में कहा, ''यह क्या? सभी लोग भाभी का पक्ष ले रहे हैं, तो हम लोगों का क्या होगा?''महाराज दशरथ ने हंसते हुए कहा, ''चिंता मत करो पुत्र! तुम भाइयों का भी अवसर आएगा।''

इस विनोदपूर्ण क्रीड़ा के समापन में श्री राम स्वयं हार गए और उन्होंने जानकी जी को जिता दिया। प्रेम में यही होता है और व्यक्ति स्वयं हारकर अपने प्रिय को अपना सब कुछ समर्पित कर देता है।

श्री लक्ष्मण और उर्मिला जी, श्री भरत और मांडवी जी और श्री शत्रुघ्न तथा श्रुतकीर्ति जी की नव विवाहित जोड़ियों के साथ भी यही सब रस्में हुई। माता कौशल्या दक्षिण कौशल प्रदेश (वर्तमान छत्तीसगढ़) की हैं। राजा दशरथ ने अपनी रानियों का मान रखते हुए उनके मायके में प्रचलित अनेक परंपराओं का अपने पुत्रों के विवाह के अवसर पर पालन करवाया। यही है, गृहस्थ धर्म में पति - पत्नी द्वारा एक दूसरे की इच्छाओं का मान रखना और उन्हें उचित सम्मान तथा स्थान देना। माता सीता और अन्य बहुओं ने पाकशाला में पहली रसोई बनाई और राजा दशरथ तथा माताओं समेत सभी को परोसा।अन्नपूर्णा के हाथों के बने हुए स्वादिष्ट भोजन से राजा दशरथ से लेकर राज परिवार के सभी सदस्य तृप्त हो गए। विवाह के बाद समस्त नारियों में पूरे परिवार के लिए प्रेम भाव से रसोई बनाते हुए वह अन्नपूर्णा भाव स्वतः ही आ जाता है, जिससे भोजन स्वादिष्ट बना करता है, फिर सीता जी तो साक्षात अन्नपूर्णा ही हैं। नव वधुओं और राजकुमारों के भव्य स्वागत के बाद कुल देवी और कुल देवता की पूजा हुई। श्री राम और सीता समेत राज परिवार के सदस्यों ने अयोध्या की प्रजा से भेंट की।अयोध्या के प्रशासन में वहां की प्रजा का सर्वोपरि महत्व है।राजा दशरथ राज्य के प्रत्येक नागरिक को अयोध्या राज परिवार का सदस्य मानते हैं।यहां राजा और प्रजा के सम्मान में कोई भेदभाव नहीं है। आज संध्या अयोध्या में सार्वजनिक भोज का आयोजन है।


(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -061

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 060 का हल



## सू- दोकू क्र.061

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.060 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

# फिट रहने के लिए रोजाना करें मिनी वॉक



हर दिन वॉक करना सेहतमंद रहने का सबसे खास तरीका है. फिट रहने के लिए काफी अच्छी एक्सरसाइज मानी जाती है. हालांकि, आजकल दिनचर्या और शेड्यूल इस तरह का हो गया है कि लोगों के पास टहलने तक का समय नहीं है. ऐसे लोग मिनी वॉक कर खुद को फिट रख सकते हैं. हर दिन 2 मिनट से 5-10 मिनट का वॉक कर बेनिफिट्स पा सकते हैं. मिनी वॉक से वजन तो तेजी से कम होता है, दिल की सेहत भी बेहतर बनी रहती है. इससे डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल जैसी खतरनाक बीमारियों का रिस्क भी कम होता है. आइए जानते हैं इसके फायदे...

### कब-कब मिनी वॉक करना चाहिए

ऐसे लोग जिनके पास समय कम है और दिनभर बिजी रहते हैं. वे मिनी वॉक के लिए 5-10 मिनट आसानी से निकाल सकते हैं. सुबह के वक्त 10 मिनट की तेज वॉक कर सकते हैं. आप चाहें तो ऑफिस के अंदर भी इसे कर सकते हैं. ब्रेकफास्ट के बाद एक राउंड भी लगा सकते हैं. अगर घर पर फोन से बात कर रहे हैं और लंबी बातचीत चले तो वॉक कर सकते हैं.

### दफ्तर में लगाएं राउंड

दफ्तर में हर 1 घंटे में 5 मिनट के लिए वॉक ब्रेक लेना फायदेमंद हो सकता है. दिन के खाना खाने के बाद 5 मिनट का मिनी वॉक भी फायदेमंद हो सकता है. दोपहर-रात में खाने के बाद जरूर टहलने जाएं. इससे काफी बेनिफिट्स मिल सकते हैं.

### मिनी वॉक कितनी देर करें

दिन में मिनी वॉक की शुरुआत में 10 मिनट तक टहल सकते हैं. मिनी वॉक के जरिए हफ्ते में कम से कम 150 मिनट जरूर टहलें. अगर इसे हर हफ्ते 10 मिनट भी बढ़ाएं तो तो गजब के फायदे मिल सकते हैं. इसके बाद ब्रिस्क वॉक कर सकते हैं. मतलब अपनी वॉक को तेज कर सेहतमंद बन सकते हैं.

### शुरुआत करने के पाँच आसान तरीके

छोटी शुरुआत करें. प्रतिदिन 5 से 10 मिनट पैदल चलने की दिनचर्या बनाएँ, उदाहरण के लिए, अपने आने जाने के दौरान ट्रेन या बस से एक स्टॉप पहले उतर जाएं और छोटी वॉक करें.

धीरे-धीरे अपना वाकिंग टाइम बढ़ाएं. हर हफ़्ते एक या दो मिनट और जोड़ते जाएं जब तक कि आप आराम से हफ़्ते में 150 मिनट तक चलने में सक्षम न हो जाएं.

लंबे समय तक ऑफिस में बैठे रहने के बीच कैंटीन जाने या फिर चाय पीने के बहाने उठे और कुछ खाते हुए भी वॉक करें. ऐसा करने से हाथ पैरों का मूवमेंट होता रहेगा और छोटी सी वॉक भी हो जाएगी.

अच्छे ट्रैक्शन वाले सपोर्टिव स्नीकर्स पहनें.


इसे मज़ेदार बनाएँ. वॉकिंग ग्रुप में शामिल होने पर विचार करें, खासकर अगर आपको प्रोत्साहन की ज़रूरत है.


## राशिफल


**मेष**
आज आपके लिए दिन पॉजीटिव रहने वाला है। आज आपका पारिवारिक मामला किसी बड़े बुजुर्ग की सहायता से सुलझ जायेगा, परिवार में फिर से खुशियाँ आ जाएगी। आज अपनी दिनचर्या के कार्यों के अतिरिक्त कुछ और जानकारियां हासिल करने में भी समय बीतेगा। आपकी उपस्थिति और विचार सराहनीय रहेंगे।


**वृषभ**
आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे। आज व्यवसाय में अधिक मुनाफा होने की स्थिति बन रही है। आज कोई भी निर्णय लेने से पहले परिवार वालों की राय जरुर लें।



**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज ऑफिस में आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे आपको सफलता मिलेगी। आज कुछ खास लोगों से मुलाकात का अवसर मिलेगा और रुका काम भी व्यवस्थित होगा। आज घर परिवार संबंधी समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे।



**कर्क**
आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज दिन भर सकारात्मक और अनुशासित दृष्टिकोण आपको खुश रखेगा। स्वयं की सूझबूझ से लिए गए निर्णय के उचित परिणाम हासिल होंगे।



**सिंह**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस के लिए आज दिन शानदार रहने वाला है। अगर आप रियल स्टेट का काम करते है तो आज कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। ऑफिस के कार्यभार की अधिकता की वजह से ओवर टाइम भी करना पड़ सकता है। घर का वातावरण मधुर और खुशनुमा बना रहेगा।


**कन्या**
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है, जिनके खातिरदारी में आप व्यस्त रहेंगे। कविता लिखने के शौकीन लोगों को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म किसी दोस्त की मदद से मिलेगा। आज आपके वैवाहिक जीवन में ढेरों खुशियां आएंगी।



**तुला**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज कोई अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे। काफी समय से आपके रिश्ते की बात चल रही थी वो जल्द पक्की होगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं।


**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपसे कोई मित्र आर्थिक मदद मांग सकता है। नये प्रॉजेक्ट को पूरा करने में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। अनचाहे भय से मुक्ति मिलेगी। आज आपको पिछ्ले कुछ समय से अपने करियर और निजी जीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है।


**धनु**
आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढ़ेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढ़ेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर की परेशानियां खत्म होंगी। आप जहाँ चाहते हैं ट्रान्सफर वहीं होगा।


**मकर**
आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। खान-पान में लापरवाही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। कानूनी कार्यों के लिए भागदौड़ से थकावट का एहसास होगा। दांपत्य जीवन में आज एक दूसरे को समझकर चलना होगा। इससे गलत फेहमियाँ नहीं होंगी। कारोबार में सुखद बदलाव आएगा।


**कुंभ**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज के दिन आप किसी नई रचना की शुरुआत भी कर सकते हैं। आज सहकर्मियों की सहायता से आप बड़े से बड़े प्रोजेक्ट को आसानी से निपटा सकते हैं। कार्य क्षेत्र में आ रही समस्यायें आज समाप्त होंगी, जिससे काम करने में मन लगेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा।


**मीन**
आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ्य में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोंची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जमीन जायदाद से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी। लवमेट आज शॉपिंग करने जायेंगे, जहां किसी सामान पर अच्छा डिस्काउंट मिलेगा।

# बाजार अतरिया मार्ग एक बार फिर खून से लथपथ, तेज रफ्तार ट्रक ने एक मासूम और एक युवक को रौंदा

0 दोनों युवक की खोपड़ी फटकर सड़क पर बिखरी
0 बहन की चौथीया जाने की थी तैयारी, खुशी मातम में बदली
0 शासन प्रशासन कब जागेगा कुंभकरणी नींद से





खैरागढ़ (दावा)। बाजार अतरिया मार्ग एक बार फिर खून के लाल रंग से सराबोर नजर आया, शुक्रवार 17 मई की सुबह 9 बजे बाजार अतरिया चौक पर एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा काफी दर्दनाक था, एक्सीडेंट इतना भयानक की सिर का खोपड़ी फटकर सड़क पर बिखर गया। जिला केसीजी के ब्लॉक मुख्यालय के ग्राम बाजार अतरिया में सुबह 9 के आसपास बाजार चौक पर सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सड़क हादसा इतना जबरदस्त था कि सिर का खोपड़ी फटकर सड़क पर फैल गई और देखते ही देखते घटना स्थल पर ग्रामीणजनों और राहगीरों की भीड़ इकट्ठी हो गई, जिसे हटाने पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। खैरागढ़ डीएसपी लालचंद मोहले और प्रशिक्षु डीएसपी प्रतिभा लहरे सूचना मिलते ही दलबदल के साथ घटनास्थल बाजार अतरिया पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाजार अतरिया निवासी राजेश वर्मा के पुत्र सुमित वर्मा उम्र 14 साल अपने मामा के लड़के मयंक पिता लेखु उम्र 17 साल के साथ मोटरसाइकिल में बाजार चौक पर सड़क किनारे खड़े हुए थे। जहाँ खैरागढ़ से धमधा की ओर जा रही बड़ी ट्रक दोनों को अपने चपेट में ले लिया। जहां उन दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सबसे पहले ट्रक ने विधुत खंभे को ठोकर मारी उसके बाद मोटरसाइकिल पर खड़े दोनों व्यक्तियों को मोटरसाइकिल सहित चपेट मे ले लिया। एक लाश बाहर सड़क किनारे पड़ा था, तो दूसरा लाश मोटर साइकल सहित ट्रक में फंसा हुआ था, मोटर साइकल क्र. सीजी-08/एआर 6046 व लाश को क्रेन के माध्यम से निकाला गया। पहले तो ट्रक को जेसीबी के माध्यम से लाश को निकालने की कोशिश की गई लेकिन ट्रक लोड होने के कारण उठ नहीं सका। उसके बाद पुलिस ने क्रेन बुलाया जिसमें ट्रक को उठाया गया।

0 ट्रक चालक भाग निकला जिसे ग्रामीणों ने पकड़ा

ट्रक क्रमांक सीजी-04/एमव्ही 3424 का ड्राइवर हादसे के बाद गाड़ी छोड़कर तुरंत भाग गया, जहां बाजार अतरिया के आगे ग्राम जोरातराई पर ड्राइवर को ग्रामीणों की मदद से पकड़ा गया। इधर घटना सुन भीड़ इकट्ठी हो गई, जिसें काबू करने के लिए पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। अब दोनों युवक के शव को वाहन में रखा गया तब भीड़ कंट्रोल हुई।

बाजार अतरिया चौक में स्पीड नियंत्रण को लेकर कड़ी समय से मांग की जा रही है लेकिन प्रशासन के कान मे अभी तक जूँ तक नहीं। लगातार हो रही सड़क दुर्घटना से प्रशासन अभी तक सबक नहीं ले रही। बाजार अतरिया चौक चौराहा है, एक मार्ग खैरागढ़ शहर के लिए, दूसरा मार्ग धमधा के लिए, तिसरा मार्ग ग्राम उदयपुर के लिए, चौथा मार्ग कुकुरमुड़ा-जालबांधा के लिए जाता है और इसी चौक पर बाजार और दुकाने भी है, इस कारण से यहां काफी भीड़-भाड़ रहती है, इसी वजह से यहां पर ट्रैफिक सिग्नल और स्पीड ब्रेकर की जरूरत है। जबकि इस क्षेत्र में सड़क हादसा कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। आखिर कब होगा सुधार समझ से परे है।

मृतक सुमित के बहन का आज चौथिया के कार्यक्रम में रायपुर जाना था, जिसमें शामिल होने के लिए सुमित के मामा के लड़का मयंक बाजार अतरिया आया हुआ था। लेकिन सड़क दुर्घटना से खुशी का माहौल मातम में बदल गया। जिला बनने के बाद यातायात विभाग की भी स्थापना की गई है, फिर भी ऐ रफ्तार कम होने की नाम नहीं ले रही है।

# नए जिले में दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में छात्राओं का दबदबा



० जिले के हाईस्कूल व हायर सेंकेण्डरी बोर्ड परीक्षा की जिले के टापटेन सूची में लड़कियों का वर्चस्व
० जिले में बोर्ड की दोनों परीक्षाओं की टाप टेन की सूची में अंबागढ़ चौकी के विद्यार्थियों का दबदबा

अंबागढ़ चौकी (दावा)। 15 मई नवगठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी में इस वर्ष हाईस्कूल व हायर सेंकेंण्डरी बोर्ड का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। हमेशा की तरह इस वर्ष भी बोर्ड की परीक्षाओं में छात्राओं का प्रावीण्य सूची में दबदबा कायम रहा। दोनों बोर्ड परीक्षाओं में जिले की घोषित टाप टेन की सूची में भी लड़कियाँ आगे रही। हाईस्कूल बोर्ड में जिले की टाप टेन सूची में 13 विद्यार्थी, छात्राओं का दबदबा नए जिले में हाईस्कूल बोर्ड की टाप टेन की सूची में मोहला ब्लॉक के गोटाटोला की तेजेश्वरी सिन्हा 93.50 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान जबकि मोहला सेजेश के नुपुर सोनी व मानपुर सेजेश की विनिता पिसदा ने 93.17 अंक के साथ दुसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरा स्थान अंबागढ़ चौकी संस्कार उ.मा.शा. की कुमारी मोनलिका ने 92.67 के साथ प्राप्त किया। चौथा स्थान अंबागढ चौकी ब्लाक के छछानपाहरी के दीपक कुमार एवं पांचवा स्थान में अंबागढ चौकी के तीन विद्यार्थी रहे। पांचवे क्रम में अंबागढ़ चौकी ब्लाक के कोरचाटोला उमाषा के ध्रुवकुमार साहू, परसाटोला उ.मा.शा. कुमारी प्रमिता एवं कन्या शिक्षा परिसर की कुमारी स्नेहा ने प्राप्त किया। छठवे स्थान पर मोहला ब्लाक के गोटाटोला कुमारी पायल साहू, सातवा स्थान अंबागढ़ चौकी संस्कार उ.मा.शा. के रिद्धिमा मंडावी रही। आठवा स्थान अंबागढ चौकी ब्लाक के छछानपाहरी उमाषा की कुमारी किरण रही। नौवे स्थान पर अंबागढ चौकी नगर के संस्कार उ.मा.शाला की कु. रितिका देवांगन तथा दसवे स्थान पर अंबागढ़ चौकी की कन्या शिक्षा परिसर की छात्रा रसिका कंवर रही।

### हायर सेकेंण्डरी बोर्ड की टापटेन सूची में लड़कियां आगे

जिले के हायर सेकेण्डरी बोार्ड परीक्षा की टाप टेन की सूची 18 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। टाप टेन की सूची में दो विद्यार्थी अंबागढ़ चौकी कन्या शिक्षा परिसर की कुमारी वैजंयती व सेजेश अंबागढ़ चौकी की कुमारी आराधना निषाद ने 92.20 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर अंबागढ़ चौकी कन्या शिक्षा परिसर की कु. राधिका 91.20 अंकों के साथ रही। तीसरे स्थान पर अंबागढ़ चौकी कन्या शिक्षा परिसर की कुमारी लोमेश्वरी 91 प्रतिशत के साथ रही। चौथे स्थान पर मानपुर ब्लाक के खडगांव उ.मा.शा. के झामेश पटवा, पांचवे स्थान पर अंबागढ़ चौकी ब्लाक के सोसायटोला उ.मा.शा. के कु. कुमेश्वरी रही। छठवे स्थान पर अंबागढ चौकी ब्लॉक के आतरगांव उ.मा.शा. की कु. आसमा बानो व अंबागढ चौकी ब्लाक के चिल्हाटी उ.मा.शा के कुमारी मधु रही। सातवे स्थान पर अंबागढ चौकी ब्लॉक के आतरगांव उ.मा.शा के दुष्यंत रहे। आठवे स्थान पर मोहला सेजेश की कु. लीसा श्रीवास व अंबागढ चौकी ब्लाक के बा.उ.मा.शा. चौकी के धीरज निषाद एवं नौवे स्थान पर अंबागढ चौकी नगर के सेजेश से कुमारी श्रुति गुप्ता एवं चिल्हाटी उ.मा.शा की कु. पूनम रही। दसवे स्थान पर अंबागढ़ चौकी ब्लाक के संस्कार उ.मा.शा चौकी के विवेक कुंभकार, कु. श्रद्धा सिंघराम, कु. नेहा, कु. रूबी, कु. टिवंकल रही।

### दसवीं व बारहवी बोर्ड की टाप टेन में चौकी ब्लाक का दबदबा

हाईस्कूल व हायर सेंकेण्डरी बोर्ड परीक्षा के जिले के टाप टेन की सूची में हमेशा की तरह इस बार भी अंबागढ़ चौकी ब्लाक के विद्यार्थियों का दबदबा रहा। बीईओ एस.के.धींवर एवं बीआरसी संतोष पांडे ने बताया की इस वर्ष दसवी बोर्ड की जिले की टाप टेन सूची में अंबागढ़ चौकी ब्लाक के 9 विद्यार्थी तथा बारहवी बोर्ड में अंबागढ चौकी विकासखंण्ड के 15 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। बीईओ श्री धींवर एवं बीआरसी श्री पांडे ने बोर्ड की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले तथा सभी उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा असफल हुए विद्यार्थियों को निराश नही होने तथा पुनः नए सिरे से प्रयास करने का सुझाव दिया।

### मजदूर की बिटिया ने बारहवी बोर्ड में टाप टेन में प्रथम

हायर सेकेंण्डरी बोर्ड परीक्षा में नगर की दो छात्रा जिले की टाप टेन की सूची में समान अंक प्राप्त कर अव्वल रही। पहली छात्रा आवासीय संस्था कन्या शिक्षा परिसर की कुमारी वैजंयती रही तो दूसरी अंबागढ़ चौकी हिंदी आत्मानंद की छात्रा आराधना निषाद रही। आराधना नगर के वार्ड 15 निवासी कामदेव निषाद की सुपुत्री है। छात्रा आराधना के पिता एक साधारण परिवार से है। और पेशे से एक राज मिस्त्री मजदूर के रूम में काम करके अपने परिवार की जीविका चलाते है। प्रारंभ से ही मेघावी आराधना आगे भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी बनकर देश व समाज की सेवा करना चाहती है।

### अंबागढ चौकी सेजेश में दसवी बोर्ड में स्मृति मानिकपुरी प्रथम

नगर के स्वमाी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शाला के दसवी को परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा दसवी में इस वर्ष नगर के अंग्रेजी माध्यम शाला अंबागढ चौकी में कुमारी स्मृति मानिकपुरी ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने शाला एवं अंग्रेजी माध्यम की शालाओं के दसवी बोर्ड के परिणामों में प्रथम स्थान पर रही। बचपन से मेघावी स्मृति नगर पंचायत की पार्षद श्रीमती सविता मानिकपुरी एवं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की सुपुत्री है। स्मृति आगे चलकर एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में देश की सेवा करना चाहती है।

# महिला के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



गंडई पंडरिया (दावा)। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को 12 घंटे मे ही गिरफ्तार कर लिया। महिला ने बताया की आरोपी द्वारा महिला को फोन में बार-बार कॉल कर मिलने के लिए दबाव बनाता रहा था और वही जान से मरने की भी धमकी दिया करता था। पुलिस ने आरोपी नारायण पटेल को 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। प्रार्थीया ने 16 मई साल्हेवारा थाना में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि बीते 10 सितंबर को पीड़िता अपने घर से पैदल अपने कृषि केंद्र जामगांव जाने निकली थी। वही दोपहर करीब 01:30 बजे राजाबर से जामगांव के बीच राजाबर का नारायण पटेल ने रास्ता रोककर प्यार करना है कहकर जबरदस्ती पकड़कर भाठाझोरी में ले जाकर दुष्कर्म किया। चिल्लाने पर मुँह को दबाकर जान से मारने की धमकी दिया उसके बाद आरोपी के द्वारा प्राथिर्या के मोबाइल नंबर में लगातार कॉल कर मिलने के लिए धमकी देने लगा। पीड़िता ने यह भी बताया की की नही मिलोगी तो घर वालो एवं गांव वालों को बता दूंगा। उसी दौरान आरोपी नारायण पटेल ने बीते 11 फरवरी को दोपहर करीब 03.00 बजे प्रार्थिया को कॉल कर धमकी देकर भाठाझोरी बुलाकर प्रार्थिया के साथ जबरदस्ती दोबारा दुष्कर्म किया है। उसके बाद भी लगातार फोन कर मिलने के लिए धमकी देकर परेशान करता रहा। साल्हेवारा पुलिस ने आरोपी को धारा 341, 376(2) (ढ़), 506भादस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नारायण पटेल पिता गौतम पटेल उम्र 37 वर्ष निवासी राजाबर थाना साल्हेवारा जिला केसीजी को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ किया।

# जिले के मुढ़ीपार व गंडई शराब दुकान के अहाता के लिए फिर से होगा टेंडर



खैरागढ़ (दावा)। आबकारी आयुक्त द्वारा खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के मुढ़ीपार व गंडई अहाता (शराब दुकान) समेत प्रदेश के कुल 240 अहातों के लिए फिर से टेंडर निकाला गया है। आबकारी आयुक्त ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को आदेश जारी कर इसकी सूचना दी है। जिसमें कहा है कि पूर्व में जारी विज्ञप्ति एवं निर्देशों के समस्त शर्तों एवं नियमों के अधीन पुनः व्यवस्थापन हेतु 18 मई की प्रातः 10:30 बजे से 24 मई सायं 5:30 बजे तक इच्छुक निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र पर ऑन-लाईन निविदा आमंत्रित की गई है। ऑनलाईन पद्धति से प्राप्त निविदा/निविदाओं में से अनुज्ञप्तिधारियों का चयन जिलों के जिला कलेक्ट्रेट में जिला कलेक्टर द्वारा सोमवार 27 मई को समय प्रातः 11:00 बजे से किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले के 08 अहातों में से सिर्फ 07 के लिए ऑनलाईन निविदा प्राप्त हुआ था। जबकि 01 दुकान (देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान मुढ़ीपार) के लिए कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। वहीं 1 दुकान (विदेशी मदिरा दुकान गंडई) के लिए चयनित उच्चतम निविददाता द्वारा वांछित धनराशि समय पर जमा नहीं की जा सकी। जिसकी वजह से उक्त दुकानों से संलग्न अहातों के पुनः व्यवस्थापन किये जाने का निर्णय लिया गया है।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को नहीं मिल पा रहा है हर माह नियमित पेंशन राशि



अंबागढ़ चौकी (दावा)। केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने वाले नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों पेंशनधारी पिछले कई महिनों से पेंशन प्राप्त करने के लिए भटक रहे है। इनके खातों में बीते कई महिनों से पेंशन राशि नही आ रही है। हितग्राही पेंशन के लिए बैंको व शासकीय कार्यालय तथा अधिकारियों का चक्कर काट रहे है। लेकिन इन्हे पेंशन राशि नही मिल पा रही है। बैंकों से इन्हे खाते में राशि नही आने की बात कहकर वापस लौटाया जा रहा है। जबकि नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में इन्हे खाते में ही राशि आने की बैंक भेजा जा रहा है। विधानसभा चुनाव के समय से ही नगर एवं ब्लॉक के 69 ग्राम पंचायतों के सैकड़ों सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को नियमित रूप से हर माह पेंशन की राशि नहीं मिल पा रहा है। जबकि विभागों का दावा है की हर माह नियमित रूप से हितग्राहियों के खाते में सीधे योजना के अनुसार पेंशन की राशि डाली जा रही है। इधर प्रशासन के दावों के विपरित सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को पेंशन के लिए बैकों का चक्कर काटना पड़ रहा है। लेकिन उन्हे बैंकों से सीधा एवं सपाट जवाब मिल रहा है की उनकी खाते में किसी तरह की कोई राशि नहीं आई है। आप कार्यालयों में तथा अधिकारियों से संपर्क करें। जबकि ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय कार्यालय से हितग्राहियों को बताया जा रहा है की उनके खाते में राशि सीधे उच्च कार्यालय से बैकों में जमा करा दी गई है। इधर हितग्राही पिछले कई महिनों से पेंशन राशि लेने के लिए बैक व संबधित कार्यालयों के बीच झूल रहे है लेकिन उनकी समस्या का समाधान नही हो पा रहा है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में 10 हजार 418 हितग्राही पेंशन ले रहे है

ब्लॉक के 69 ग्राम पंचायत में केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत दस हजार से कही अधिक ग्रामीण सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे है। जनपद पंचायत की सीईओ श्रीमती प्रियवंदा रामटेके ने बताया कि जनपद क्षेत्र के अंतर्गत पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को नियमित हर माह पेंशन का भुगतान उनके खातो में किया जा रहा है। सीईओ श्रीमती रामटेके ने बताया की मार्च 2024 तक पेंशन राशि हितग्राहियों के खाते में डाल दी गई है। जबकि चिल्हाटी, कोरचाटोला, आमाटोला, आतरगांव, बांधाबाजार सेक्टर के हितग्राही रामलाल निषाद, सुग्रीव गोड, कमलाबाई ठाकुर, सावित्री साहू, बिंझवार नेताम, गोपाल पैकरा, जीवन लाल चन्द्रवंषी ने बताया की उन्हे हर माह बैंक से पेंशन राशि नही मिल पा रहा है। बैंक जाने पर खाते में राशि नही आने की बात कह कर वापस लौटा दिया जाता है।

### नगरीय निकाय भी सैकडो हितग्राही पेंशन के लिए भटक रहे

नवगठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी के एक मात्र नगरीय निकाय अंबागढ़ चौकी में भी सामाजिक सुरक्षा पेंशन के साढे आठ सौ से अधिक हितग्राही है। हितग्राहियों की माने तो यहां पर पेंशन से जुडे मामलों के लेकर विधानसभा चुनाव के समय से ही एक नही कई समस्याए सामने आ रही है। पिछले कई महिनों से नगर पंचायत के पेंशनधारियों को नियमित रूप से हर माह पेंशन नही मिल पा रहा है। निकाय द्वारा दावा किया जाता है की हर माह पेंशन राशि का भुगतान उच्च कार्यालय से सीधे हितग्राहियों के खाते में जमा हो रही है। लेकिन नगर के पेंशनधारी हेमलाल, दुखियाबाई, शांतिबाई, फुलमत बाई, अंकालूराम, रामलाल, गुलापा बाई, भोला सिंह ने बताया की उनके खाते में हर माह पेंशन राशि नही आ रही है। बैकों से उन्हें निराश वापस लौटना पड़ रहा है। जबकि निकाय द्वारा सीधे खाते में राशि आने की बात कही जा रही है। नगर पंचायत के सीएमओ दिलीप कुमार यदु ने बताया की उच्च कार्यालय से हितग्राहियो के खाते में पेंशन राशि डाली जा रही है।

### 8 महिनों से राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि भी लटकी

सामाजिक सुरक्षा पेंशन की तरह पिछले सात आठ महिनों से गरीब परिवार के मुखिया एवं सदस्य के मृत्यु के बाद दी जाने वाली राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि का भी कोई अता पता नही है। जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव के समय से ही राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि से जुडे प्रकरण लंबित है। नगर पंचायत की वार्ड क्रमांक 8 की पार्शद श्रीमती सविता मानिकपुरी ने बताया की उनके वार्ड में राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि से जुडे चार से अधिक प्रकरण महिनों से लंबित है। जबकि वार्ड के दर्जनों सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को नियमित पेंशन प्राप्त नहीं हो रहा है।

### शिविर लगाकर किया जाएगा समस्या का निराकरण

शासन द्वारा हर तीन माह में ब्लॉक मुख्यालय में शिविर लगाकर पेंशन से जुडी समस्याओं के निराकरण के निर्देश है। उपसंचालक पंचायत एवं समाजसेवा राजनांदगांव बी.एल.ठाकुर ने बताया कि जिले में सभी निकायों एवं जनपद पंचायतों को शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। उपसंचालक श्री ठाकुर ने बताया की अंबागढ़ चौकी नगरीय निकाय एवं जनपद के हितग्राहियों को पेंशन राशि का भुगतान नियमित रूप से किया जा रहा है। उन्होने बताया की नगर पंचायत के 34 पेंशनधारी हितग्राहियों का भुगतान इस माह आफलाईन से किया गया है। नए जिले में राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि का प्रकरण भुगतान के लिए लंबित है, जल्द से जल्द भुगतान कराया जाएगा।

# एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न



मोहला-मानपुर (दावा)। अंबागढ़ चौकी अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं हेतु संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन दिनांक 18 मई को समय प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक किया गया। जिले में कुल 120 सीटों के विरूद्ध 2048 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। कुल दर्ज 2048 विद्यार्थियों में से 1828 विद्यार्थी उपस्थित एवं 220 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। चयन परीक्षा हेतु जिलें में कुल 08 परीक्षा केन्द्र निर्मित किये गये थे। जिनमें 08 केन्द्राध्यक्ष एवं 115 पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये थे। परीक्षा परिणाम की संभावित तिथि 05 जून 2024 है। इन विद्यालयों में चयनित विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय एवं अध्ययन की सुविधा प्रदान की जाती है। परीक्षा संचालन के दौरान अविनाश ठाकुर, जिला नोडल अधिकारी (परीक्षा), श्रीकांत दुबे सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी, राज्य स्तर से नियुक्त प्रेक्षकगण एवं संबंधित तहसीलदारों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया गया।

# जेल में परिरूध्द बंदियों को उनके अधिकारों से कराया गया अवगत



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार सुषमा सावंत अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव व सचिव हेमंत कुमार रात्रे और जेएमएफसी गुरु प्रसाद देवांगन द्वारा उप जेल खैरागढ़ का निरीक्षण शनिवार 18 मई को किया गया।

जहां जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुषमा सावंत द्वारा उप जेल में रह रहे विचाराधीन बंदियों को संबोधित करते हुए निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता के संबंध में बताया कि जो विचाराधीन बंदी अपने वेयर से अधिवक्ता नियुक्त करने में समर्थ नहीं हैं, वह अपना एक आवेदन ताल्लुक विधिक सेवा समिति में द्वारा जेल अधीक्षक के माध्यम से समिति में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जहां से आप को आप के केस में पैरवी करने हेतु अधिवक्ता निःशुल्क नियुक्त किया जाता है।।

आगे डालसा सचिव हेमंत कुमार रात्रे ने विचाराधीन बंदियों के अधिकारों के बारे में बताया कि कानून के मुताबिक किसी भी शख्स को तब तक गुनाहगार नहीं माना जा सकता जब तक कि कोर्ट आरोपी को दोषी नहीं मानता। जब भी किसी शख्स के खिलाफ कोई आरोप लगाया जाता है,तो वह आरोपी होता है और जब उक्त शख्स का केस अदालत के सामने आता है तब उसका यह संवैधानिक अधिकार है कि उसे अपने बचाव का मौका मिले।

आगे जुडिशल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास गुरु प्रसाद देवांगन ने प्ली बारगेनिंग के संबंध में बताया गया कि किसी व्यक्ति द्वारा किया गया ऐसा अपराध जिसकी सजा 7 साल या उससे कम है या अभियुक्त ने पहली बार अपराध किया है वह अपनी सजा कम करने के लिए मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन कर सजा में सौदेबाजी कर सकता है, छोटे अपराधों में पीड़ित और अभियुक्त आपसी सामंजस्य से सौदेबाजी कर सकते हैं।

अगर कोई आरोपी अपनी गलती स्वीकार करता है तो उसे कम सजा दी जाती है।। लेकिन प्री बारगेनिंग का लाभ किसी भी विचाराधीन आरोपी को एक बार ही मिल सकता है। आगे डीजे श्रीमती सावंत द्वारा विचाराधीन बंदियों का हालचाल पूछा गया, उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जाना गया साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुना गया और बंदी बैरक, पाकशाला, वीसी कक्ष का निरीक्षण किया गया।

उक्त निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक योगेश कुमार बंजारे, शिशुपाल ठाकुर, पीएलवी गोलूदास साहू, एवं सिपाही प्रेम सागर साहू, यशवंत नायक, सुभाष बोई, यशवंत झरिया, प्रमोद कौशिक और विचाराधीनबंदी उपस्थित थे।


# पुलिस ने किया मृत बंदर का अंतिम संस्कार



डोंगरगांव (दावा)। गत 18 मई को डोंगरगांव से करीब ग्राम कोनारी में अज्ञात वाहन की ठोंकर से एक बन्दर की मृत्यु हो गई जिसकी सूचना मिलते ही डायल 112 के कर्मचारियों द्वारा घटना स्थल में जाकर इंसानियत दिखाते हुए हादसे में मृत बंदर को पूरे हिन्दू रीति रीवाज से उसको दफनाया गया। इस समस्त घटना क्रम मे आरक्षक कोमल साहू, चालक नेमीचंद साहू व चालक रवि निर्मलकर का विशेष योगदान रहा। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा दिए जाने के तुरंत बाद ही डायल 112 की टीम घटना स्थल मे पहुंच गयी और जिस तरह हिन्दू रीति रीवाज से बन्दर को दफनाया गया उससे ग्रामीणों ने पुलिस विभाग को सहृदय धन्यवाद दिया और पुलिस विभाग की ग्रामीणों ने प्रशंसा की।

# पहला कॉलम...

## दिग्गज बैंकर नारायणन वाघुल का निधन



नई दिल्ली। नारायणन वाघुल ने भारतीय स्टेट बैंक में अपना करियर शुरू किया था। वे महज 44 साल की उम्र में एक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक- बैंक ऑफ इंडिया के सबसे कम उम्र के चेयरमैन बने। हालांकि उन्होंने नौकरशाहों के हस्तक्षेप से नाराज होकर बैंकिंग छोड़ दी थी। वित्तीय समूह आईसीआईसीआई की नींव रखने वाले दिग्गज बैंकर नारायणन वाघुल का शनिवार को निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। वह गंभीर हालत में चेन्नई के अपोलो अस्पताल में पिछले दो दिनों से वेंटिलेटर पर थे। उनके परिवार के सदस्य ने मीडिया को बताया कि गिरने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वे बेहोश थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा हैं। नारायणन वाघुल ने भारतीय स्टेट बैंक में अपना करियर शुरू किया था। वे महज 44 साल की उम्र में एक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक- बैंक ऑफ इंडिया के सबसे कम उम्र के चेयरमैन बने। हालांकि उन्होंने नौकरशाहों के हस्तक्षेप से नाराज होकर बैंकिंग छोड़ दी थी। राजीव गांधी की सरकार के दौरान उन्हें आईसीआईसीआई बैंक का प्रमुख बनने के लिए कहा गया था।

## शेयर बाजार में रही तेजी

मुंबई । भारतीय शेयर बाजार शनिवार को हल्की तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में खरीदारी देखी जा रही है। सेंसेक्स 114 अंक या 0.15 प्रतिशत बढ़कर 74,031 अंक पर और निफ्टी 40 अंक या 0.19 प्रतिशत बढ़कर 20,506 अंक पर था। डिजास्टर रिकवरी साइट टेस्ट होने के कारण बाजार आज दो सत्रों में खुला है। एक्सचेंजों की ओर से डिजास्टर रिकवरी साइट बनाई गई है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में ट्रेडिंग को इन साइटों पर शिफ्ट किया जा सके। बड़े शेयरों की अपेक्षा बाजार में छोटे मझोले शेयरों में ज्यादा तेजी है। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 298 अंक या 0.56 प्रतिशत बढ़कर 51,893 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 142 अंक या 0.84 प्रतिशत बढ़कर 17,013 अंक पर है। सेंसेक्स के 30 में से 26 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। पावर ग्रिड, नेस्ले, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक और टीसीएस के शेयर सबसे ज्यादा चढ़े। जेएसडब्लू स्टील, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी में सबसे ज्यादा गिरावट रही। शुक्रवार के सत्र में अमेरिकी बाजार में तेजी थी। बाजार के जानकारों का कहना है कि अमेरिका के बाजारों में तेजी से वैश्विक संकेत सकारात्मक बने हुए हैं। लोकसभा चुनाव के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव बना हुआ है।

## सड़क हादसा, ट्रक पलटने से एक ही परिवार के 13 लोगों की मौत

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार को एक मिनी ट्रक के सड़क से फिसलकर खड्डे में गिर जाने से पांच बच्चों सहित एक ही परिवार के 13 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि इस भीषण सड़क हादसे में नौ अन्य लोग घायल हो गए। रेस्क्यू 1122 के मुताबिक, वाहन खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले से पंजाब के खुशाब जिले की ओर आ रहा था, तभी यह हादसा हुआ। लाहौर से करीब 250 किलोमीटर दूर खुशाब के पेंच पीर इलाके में एक मोड़ पर मिनी ट्रक सड़क से फिसलकर खड्डे में गिर गया। एक अधिकारी ने कहा, ÷पांच बच्चों समेत 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। नौ घायलों को अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बचाव अधिकारियों ने कहा कि मृतक और घायल एक बड़े परिवार से थे जो मजदूरी के काम के लिए खुशाब आ रहे थे। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज गति के कारण चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और अधिकारियों को घायलों को सर्वोत्तम उपचार सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश दिया है।

## किर्गिस्तान में पाक छात्रों पर हमला, भारतीय छात्रों के लिए भारत ने जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली। भारत सरकार ने किर्गिस्तान में विदेशी छात्रों पर हमलों के बीच वहां पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों से घरों के अंदर ही रहने का आग्रह किया है. किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में पाकिस्तानी छात्रों के हॉस्टल पर शुक्रवार रात कुछ स्थानीय लोगों की गुस्साई भीड़ ने हमला बोल दिया था. जिसके बाद भारत सरकार ने एडवाइजरी जारी की है. भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने किर्गिस्तान में पढ़ रहे भारतीय छात्रों को दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी है. एस. जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा बिश्केक में स्थिति अब शांत बताई जा रही है. भारतीय छात्रों निगरानी पर हैं. छात्रों को दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने की पुरजोर सलाह दी जाती है. भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर पोस्ट किया, हम अपने छात्रों के संपर्क में हैं. स्थिति फिलहाल शांत है लेकिन छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे फिलहाल घर के अंदर ही रहें और कोई भी समस्या होने पर दूतावास से संपर्क करें. हमारा 24×7 संपर्क नंबर 0555710041 है.

# 27 रन से जीत के साथ आरसीबी ने किया प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई, आखिरी ओवर में पलटा मैच

बेंगलुरू। इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को 27 रन से हरा दिया। इस जीत से आरसीबी ने प्लेऑफ में जगह बना ली। टीम ने लीग स्टेज में लगातार 6 मैच जीते। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने 5 विकेट के नुकसान पर 218 रन बनाए।



सीएसके 7 विकेट खोकर 191 रन ही बना सकी। एमएस धोनी, शार्दूल ठाकुर और रवींद्र जडेजा आखिरी ओवर में 7 रन ही बना सके। बेंगलुरु के लिए कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 39 बॉल पर 54 रन की पारी खेली। उनके अलावा विराट कोहली 47 और रजत पाटीदार ने 41 रन बनाए। चेन्नई की ओर से शार्दूल ठाकुर ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। मिचेल सैंटनर और तुषार देशपांडे को 1-1 विकेट मिला। सैंटनर ने फाफ डु प्लेसिस को रन आउट किया।

जवाब में चेन्नई की ओर से रचिन रवींद्र ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 37 बॉल पर 61 रन बनाए। उनके अलावा रवींद्र जडेजा ने नाबाद 42 रन बनाए। बेंगलुरु की ओर से यश दयाल ने दो विकेट लिए। ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन, मोहम्मद सिराज और लॉकी फर्ग्यूसन को 1-1 विकेट मिला।

### अंक तालिका का हाल

14 मैचों में सात जीत के साथ आरसीबी अंक तालिका में चौथे पायदान पर पहुंच गई है। टीम के खाते में अब 14 अंक हो गए हैं और उनका नेट रनरेट +0.459 हो गया है। वहीं, पहले स्थान पर कोलकाता 19 अंकों के साथ बनी है। दूसरे और तीसरे पायदान पर राजस्थान और हैदराबाद की टीम हैं जिनके खाते में क्रमशः 16 और 15 अंक हैं। राजस्थान और हैदराबाद की टीम रविवार को लीग स्टेज के अपने आखिरी मुकाबले खेलने के लिए उतरेंगी। दोनों के बीच अब शीर्ष-दो की लड़ाई होगी।

### आखिरी ओवर में 7 रन ही बना सकी सीएसके

सीएसके को आखिरी ओवर में जीत के लिए 35 रन चाहिए थे, हालांकि क्वालिफिकेशन के लिए टीम को 17 रन की जरूरत थी। आरसीबी से यश दयाल आखिरी ओवर फेंकने आए। पहली बॉल पर धोनी ने छक्का लगा दिया। अगली बॉल पर धोनी कैच आउट हो गए। 4 बॉल पर छ्स्य को क्वालिफिकेशन के लिए 11 रन चाहिए थे। दयाल ने यहां एक ही रन दिया और आरसीबी 27 रन से मैच जीत गई। रवींद्र जडेजा ने 22 बॉल में 42 रन बनाए।

## सिंगापुर में कोविड-19 की नई लहर का खतरा, लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या



सिंगापुर। सिंगापुर में लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामलों ने दुनिया के दूसरे देशों में भी डर पैदा करना शुरू कर दिया है। क्या यह कोरोना की एक और नई लहर की वापसी है, क्या फिर कोरोना से दुनिया में हाहाकार मचने वाला है। ऐसे कई सवाल हैं, जो लोगों को परेशान कर रहे हैं। इसी बीच सिंगापुर कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या से हैरान है। यहां कोविड-19 की नई लहर देखने को मिल रही है। लगातार कोविड-19 के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पांच से 11 मई के बीच करीब 26000 मामले सामने आए। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्री ओंग ये कुंग ने मास्क पहनने की सलाह दी है।

मंत्री के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है, %हम एक नई लहर की शुरुआत देख रहे हैं, जहां यह लगातार बढ़ रही है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि अगले दो से चार सप्ताह में लहर अपने चरम पर पहुंच सकती है। इसका मतलब साफ है कि जून के मध्य और अंत के बीच सिंगापुर में एक नई लहर देखने को मिलेगी।%

स्वास्थ्य मंत्रालय (एमओएच) का कहना है कि पांच से 11 मई के बीच कोविड-19 मामलों की अनुमानित संख्या पिछले सप्ताह में 13,700 मामलों की तुलना में बढ़कर 25,900 हो गई। कोरोना महामारी के रोजाना आने वाले मामले 181 से बढ़कर लगभग 250 हो गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि बिस्तर की क्षमता को बचाने के लिए नए कदम उठाए जा रहे हैं। सार्वजनिक अस्पतालों को अपने गैर-जरूरी वैकल्पिक सर्जरी के मामलों को कम करने और उपयुक्त रोगियों को संक्रमणकालीन देखभाल सुविधाओं में स्थानांतरित करने को कहा गया है। साथ ही हल्के फुल्के बीमार व्यक्ति की घर पर देखभाल करने को कहा है।

## मिजोरम ने असम को 5-1 से हराया, सेमीफाइनल में दिल्ली से मुकाबला

नारायणपुर। मिजोरम ने शनिवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम मैदान में असम पर 5-1 से जीत के साथ पुरुष स्वामी विवेकानंद अंडर-20 राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा।



मिजोरम ने शानदार फॉर्म के साथ मैच में प्रवेश किया और अपने तीन ग्रुप मैचों में 15 गोल किए और सभी नौ उपलब्ध अंकों के साथ ग्रुप एफ में शीर्ष स्थान हासिल किया। मिजोरम की इस टीम की गोल स्कोरिंग क्षमताओं के बारे में ज्यादा संदेह नहीं था और उन्होंने यह साबित कर दिया जब उन्होंने मैच के दूसरे ही मिनट में लालरेमत्लुआंगा की फ्री किक के जरिए स्कोरिंग की शुरुआत की। असम ने पहले हाफ में संघर्ष दिखाया और उत्तम लिंबू के गोल की बदौलत 18वें मिनट में मैच बराबर कर लिया, जो अभिनाश बोरो के क्रॉस पर हुआ। बॉक्स के बाहर से इमानुएल लालहरुइजेला की बाएं पैर की वॉली से मिजोरम ने 43वें मिनट में शानदार अंदाज में बढ़त बना ली और पहला हाफ 2-1 से समाप्त हुआ। दूसरे हाफ में मिजोरम ने तीन गोल किए, ि ज स म ें लालरेमत्लुआंगा का दिन का दूसरा गोल भी शामिल था, जिसने मैच को 5-1 से जीत लिया। मिजोरम अपने सेमीफाइनल मैच में दिल्ली से भिड़ेगा जिसने अपने क्वार्टर फाइनल में केरल को पेनल्टी शूटआउट में हराया था। जहां मिजोरम और दिल्ली सोमवार को खेले जाने वाले मुकाबले की तैयारी कर रहे हैं, वहीं मणिपुर और कर्नाटक भी उसी दिन अपना सेमीफाइनल खेलेंगे।

## केन्याई धावक क्रेमोई पाये गये ब्लड डोपिंग के दोषी, छह साल का प्रतिबंध

नैरोबी। केन्या के ओलंपियन और 10 हजार मीटर में पूर्व अंडर-20 विश्व चैंपियन रोजर क्रेमोई पर एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने ब्लड डोपिंग के लिए छह साल का प्रतिबंध लगा दिया है।



सूत्रों ने बताया कि क्रेमोई को अपना प्रदर्शन बेहतर करने के लिए ब्लड बूस्टर के इस्तेमाल का दोषी पाया गया है। इसका खुलासा उनके एथलीट्स बायोलॉजिकल पासपोर्ट (एबीपी) से हुआ। एआईयू ने प्रतिबंध के फैसले पर 24 अप्रैल को ही मुहर लगा दी थी, हालांकि इसे शुक्रवार को सड्डार्वजनिक किया गया। अब 27 साल के हो चुके धावक को पोलैंड में 2016 में विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप में उनकी जीत के बाद पूर्व अफ्रीकी देश की लंबी दूरी की ट्रैक रनिंग का भविष्य माना जा रहा था।


डेविड शार्प की अध्यक्षता वाले तीन जजों के लंदन स्थित पैनल ने क्रेमोई को ब्लड डोपिंग का दोषी करार दिया। साथ ही 18 जुलाई 2016 से 8 अगस्त 2023 के बीच उनके द्वारा जीते गये सभी खिताब, रिकॉर्ड और इनामी राशि वापस लेने का भी फैसला सुनाया गया है। इसके अतिरिक्त मामले की सुनवाई के खर्च के रूप में उन्हें वर्ल्ड एथलेटिक्स को तीन हजार डॉलर का भुगतान करने का आदेश दिया गया है। वर्ष 2022 में इस्तांबुल हाफ मैराथन में 59.15 मिनट का रिकॉर्ड बनाने वाले क्रेमोई ने लंदन के एक वकील के जरिये तीन जजों के समक्ष सुनवाई का विकल्प चुना।

## इंपैक्ट प्लेयर का नियम बकवास है... विराट

बेंगलुरु। कप्तान रोहित शर्मा से सहमति जताते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम की आलोचना करते हुए कहा कि इससे खेल का संतुलन बिगड़ रहा है। आईपीएल के पिछले सत्र से पारी के बीच में स्थानापन्न खिलाड़ी को उतारने का नियम शुरू हुआ है जिस पर रोहित ने भी नाराजगी जताई थी। अब कोहली ने जियो सिनेमा से कहा, मैं रोहित का समर्थन करता हूं। मनोरंजन खेल का एक पहलू है लेकिन संतुलन भी होना चाहिए। इससे खेल का संतुलन बिगड़ा है और कई लोगों को ऐसा लगता है, सिर्फ मुझे नहीं। उन्होंने कहा, गेंदबाजों को लग रहा है कि हम क्या करें। मैंने कभी ऐसा नहीं देखा जब गेंदबाजों को लगता है कि वे हर गेंद पर चार या छह रन देंगे। हर टीम के पास बुमराह या राशिद खान तो है नहीं।

## अगले सीज़न का पहला मैच नहीं खेलेंगे हार्दिक पांड्या

मुंबई। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या को धीमी ओवर गति को लेकर एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। अब वह अगले सीज़न का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे।



वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के ख़िलाफ़ उनकी टीम समय पर अपने ओवर ख़त्म नहीं कर पाई थी। मुंबई के लिए यह मैच आईपीएल 2024 का आख़िरी मैच था। इसका मतलब यह हुआ कि हार्दिक अगले सीज़न का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। यदि हार्दिक अगले सीज़न के लिए किसी अन्य टीम में चले जाते हैं, तो वह उस विशेष टीम का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। इस आईपीएल सीज़न में यह तीसरी बार था जब मुंबई न्यूनतम ओवर रेट बनाए रखने में विफल रही। परिणामस्वरूप एक मैच के प्रतिबंध के अलावा हार्दिक पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया और इम्पैक्ट प्लेयर सहित बाकी प्लेइंग बारह पर व्यक्तिगत रूप से 12 लाख रुपये या उनके मैच फीस का 50 फीसदी का जुर्माना लगाया गया। मुंबई के लिए यह एक निराशाजनक सत्र रहा है। लीग चरण में उनके आखिरी मैच में भी उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स से 18 रनों की हार सामना करना पड़ा।

इस सीज़न मुंबई की टीम ने सिर्फ़ चार ही मैच जीते और अंकतालिका में 10वें पायदान पर रहे। रोहित शर्मा की जगह पर कप्तान बनने के बाद फ़ैंस ने पूरे सीज़न हार्दिक के ख़िलाफ़ हूटिंग की। इसका साफ़ असर उनके प्रदर्शन पर भी देखने को मिला।

## प्रथम पेज का शेष

***जम्मू कश्मीर : अनंतनाग में डबल...***

उसे मरा समझ आतंकी वहां से चले गए। आतंकियों के जाने के बाद एजाज अहमद शेख को उसके परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया,जहां वह कुछही देर बाद अपने जख्मों की ताव न सहते हुए चल बसा। इस बीच, पुलिस और सेना के जवानों ने हीरपोरा और उसके साथ सटे इलाकों की घेराबंदी कर,हमले में शामिल आतंकियों की धरपकड़ के लिए तलाशी अभियान चलाया।

***आधी आबादी का एक तिहाई सीटों ..***

11 सीटों पर महिलाओं ने किया पुरुषों से अधिक मतदान- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में केरल की 20 लोकसभा सीटों के लिए हुए मतदान में 11 सीटों पर महिलाओं ने पुरुषों से अधिक मतदान किया है। इनमें राहुल गांधी की वायनाड सीट भी शामिल है। जहां महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में ढाई प्रतिशत ज्यादा मतदान किया है।

***आज पाकिस्तान के हाथ में...***

कांग्रेस को सिर्फ वोट से मतलब- पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को सिर्फ वोट से मतलब है। ये दिल्ली और हरियाणा में हाथ में झाड़ू लेकर घूम रहे हैं। पंजाब में कहते हैं झाड़ू वाला चोर है। उन्होंने आगे कहा, 'हमारी सरकार ने बेटियों के लिए सैनिक स्कूलों के दरवाजे खोल दिए हैं। एनडीए में महिला कैडेट्स का जो बैच ट्रेनिंग ले रहा है। उसमें बड़ी संख्या में हरियाणा की बेटियां हैं।'

***मोदी मेरे सवालों से डरते इसलिए ...***

साथियों, आप किसानों, छोटे व्यापारियों, युवाओं, मजदूरों के मित्र नहीं हैं। आप सिर्फ अडानी-अंबानी जैसे 2-3 अरबपतियों के मित्र हैं। लेकिन मुझे विश्वास है, आप वोट इंडिया गठबंधन को ही देंगे। श्री गांधी ने प्रधानमंत्री पर संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य इस संविधान की रक्षा करना है, क्योंकि यही आपका भविष्य है। अगर संविधान खत्म हो गया तो देश के गरीबों, मजदूरों, दलितों से उनका अधिकार छिन जाएगा।

***कूचरचना कर एपीएल का बनाया ...***

कुछ हितग्राही चावल के बदले शक्कर ही सरकारी दुकानों से उठाते हैं। इनके कार्ड भी राशन दुकानों के पास जमा रहते हैं। राशन लेने की तिथि नजदीक आने पर ये दुकानदार के पास जाकर थंब लगाकर पांच किलो शक्कर मुफ्त ले लेते थे। इसके बाद दुकानदार हितग्राहियों के शेष चावल को बाजार में खपाते थे।

ऐसे हुआ पर्दाफाश- विनोबा नगर में रहने वाले कुछ लोगों को इसकी जानकारी हुई। इसके बाद वे संबंधित सरकारी राशन दुकान में जाकर इसकी पड़ताल करने की कोशिश की गई, लेकिन दुकानदार ने जानकारी देने से साफ मना कर दिया। इसके बाद हितग्राही खाद्य विभाग पहुंचकर इस पूरे मामले की शिकायत की। प्रारंभिक जांच में बड़ी गड़बड़ी सामने आने के बाद विभाग की ओर से इन दुकानों के आवंटन पर रोक लगा दी। अब उच्च स्तर पर इसकी जांच की जा रही है। चूंकि मामला कूटरचना का है इसलिए दोषियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण भी दर्ज करने की तैयारी है।

इन दुकानों के हितग्राही सबसे अधिक- माता दी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति मर्यादित विनोबा नगर दुकान आइडी क्रमांक 401001121 और संस्कृति महिला समूह डीपूपारा आइडी क्रमांक 401001025 के यहां सबसे अधिक फर्जी राशन कार्ड होने की शिकायत हुई है। वास्तविकता की जानकारी के लिए विस्तृत जांच ज़रूरी है। दरअसल 2022 में फूड इंस्पेक्टर मनोज बघेल की ओर से आइडी जारी किया गया था। वर्तमान में बघेल की पदस्थापना रायपुर में है।

वर्जन

मामला मेरे संज्ञान में भी आया है। कुछ हितग्राही इसकी शिकायत करने मेरे पास आए थे। शुरुआती जांच में गड़बड़ी मिलने के बाद आवंटन पर रोक लगा दी गई है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

- अनुराग भदौरिया, फूड कंट्रोलर

## धवन-करन नहीं यह खिलाड़ी होगा पंजाब का कप्तान



नई दिल्ली। आईपीएल का 17वां सीजन अपने चरम पर पहुंच रहा है। रविवार को इस सीजन का आखिरी डबल हेडर होगा। पहला मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच खेला जाएगा जबकि दूसरा मैच राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होगा। हैदराबाद बनाम पंजाब मैच से पहले पंजाब किंग्स के टीम मैनेजमेंट ने बड़ा फैसला लिया है। इस मैच में शिखर धवन और सैम करन नहीं जितेश शर्मा टीम की अगुवाई करते नजर आएंगे।

दरअसल, पंजाब किंग्स के लिए यह सीजन कुछ खास नहीं रहा है। 13 मैचों में आठ शिकस्त के साथ टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। टीम के खाते में 10 अंक हैं। 19 मई को पंजाब अपना लीग स्टेज का आखिरी मुकाबला खेलेगी। इस मैच में जीत के साथ पंजाब किंग्स अंत करना चाहेगी। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी थाईलैंड ओपन के फाइनल में पहुंची



नई दिल्ली। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल ने शनिवार को जीत दर्ज की। इस जोड़ी ने चीनी ताइपे के लू मिंग-चे और तांग काई-वेई की जोड़ी पर आसान जीत हासिल की। इसी के साथ सात्विक-चिराग की जोड़ी थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग को सुपर 500 स्तर के इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल को जीतने में महज 35 मिनट का समय लगा। उन्होंने 21-11 21-12 से आसान जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी के सामने खिताबी मुकाबले में चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी की चुनौती होगी।

चीन की इस जोड़ी ने दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के किम गी जंग और किम सा रंग की जोड़ी को 21-19 21-18 से हराया। बता दें कि, भारत की शीर्ष पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने थाईलैंड ओपन में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप पर सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान काबिज भारतीय जोड़ी ने इस सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में आरिफ और याप पर 21-7, 21-14 से आसान जीत हासिल की।

# अतिक्रमण - कुछ ने नोटिस के बाद हटाया तो कुछ को फिर दिये समझाइस

गंडई पंडरिया (दावा)। कलेक्टर के मौखिक आदेश पर नगर पंचायत सक्त हो गई है नगर मे व्यापारियो को नगर पंचायत के द्वारा लगातार अतिक्रमण हटाने नोटिस जारी किया जा रहा है। कुछ व्यापारियो ने नोटिस मिलते ही अतिक्रमण हटाया तो कुछ व्यापारयो ने समय का इंतजार किया। नगर पंचयत ने नोटिस के माध्यम से 17 तारिक का समय दिया था। जिन व्यापारियो ने अतिक्रमण नहीं हटाया उसके लिए भी नगर पंचायत की टिम 17 मई की सुबह से ही पूरे दल बल के साथ पुलिस प्रशासन का सहयोग लेते निरीक्षण पर निकले और पुनः व्यापारियों से अतिक्रमण हटाने हाथ जोड़ आग्रह किया।

उल्लेखनीय है की नगर मे 18 जून से पंडित प्रदीप मिश्रा का बड़ा कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है लाखो की संख्या मे भीड़ होगी जिसके चलते लोगों की सुविधा के लिए व्यवस्था बनाने नगर पंचायत की टिम जुटी हुई है। बीते दिन व्यापारियों और प्रशासन के बीच बहस के बाद नगर पंचायत ने नोटिस जारी कर 17 तारीख का अल्टिमेटम दिया था। जिसका व्यापारियो ने कुछ हद तक विरोध भी किया लेकिन नगर पंचायत की कड़ी कार्यवाही के मद्देनजर स्वतः ही अतिक्रमण हटाने मे जुट गए। इस बीच लाउडस्पीकर के माध्यम से अतिक्रमण हटाने मुनादी भी कराई गई। नगर के पंडरिया मुख्य मार्ग से पसरा व्यापारी भी दुकान का संचालन दूसरे स्थान पर करने लगे। डिवाइडर के किनारे से पसरा तो हटा लिए परंतु बेतरतीब खड़ी गाड़ियों रेला लगा रहा। नगर पंचायत की टिम बेतरतीब खड़े वाहनो को व्यवस्थित ढंग से रखने मे हिम्मत नहीं जूटा पाई।



सीएमओ ने व्यापारियों से हाथ जोड़ किया अपील

### सड़क पर ध्यान, सब्जी बाजार में अभी भी अतिक्रमण

नगर पंचायत की टीम लगातार अतिक्रमण हटाने मेन चौक, दुर्ग रोड, पंडरीया रोड, ए मार्केट, बी मार्केट, कवर्धा रोड गंगई मंदिर के आस-पास के दुकानों के अतिक्रमण हटाने मे हटाने मे ही अपना ध्यानकर्षण करती रही परंतु नगर का मुख्य सब्जी बाजार की ओर नगर पंचायत का ध्यान ही नहीं जा रहा है। नगर के सब्जी बजार मे सब्जी व्यापारी, किराना व्यापारी व अन्य तरह के व्यापार करने वाले लोग बेतरतीब ढंग से दुकान लगाकर अतिक्रमण कर व्यापार कर रहे है। लोगो ने मांग की है की सब्जी बाजार के अंदर भी किए अतिक्रमण को व्यवस्थित करें।

### जुर्माना सिर्फ नाम का रह गया

नगर पंचायत लगातार मुनादी कराकर व नोटिस के माध्यम से बड़े-बड़े दावे कर जुर्माना लगाने की बात करते रहे। व्यापारियों को नोटिस के माध्यम से अतिक्रमण नहीं हटाने वालो पर जुर्माना लगाने की बात करते रहे लेकिन नगर पंचायत की टिम के द्वारा निरीक्षण के दौरान पुनः समझाइस देकर छोड़ा गया।

**वर्जन** - सुबह से नगर पंचायत की टिम पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने निकला था किसी की चालानी कार्यवाही नहीं की गई है। व्यापारियो ने स्वतः ही अतिक्रमण हटाया कुछ व्यापारियों को समझाइस भी दिया गया है। बेतरतीब मोटर साइकल के लिए थाना प्रभारी को अवगत कराया है। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। गिरीश साहू, सीएमओ नप गंडई।

# खैरागढ़-छुईखदान विकासखंड के ग्रामों में निकाली गई जागरूकता रैली



**खैरागढ़/छुईखदान (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के दिशा-निर्देश में एवं डॉ. गणेश दास वैष्णव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला केसीजी के निर्देशन में दिनांक 16 मई 2024 को जिले के दोनों विकासखंड खैरागढ़-छुईखदान में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। जिले के ग्रामीण अंचलों में डेंगू के लक्षण एवं बचाव के बारे में जानकारी दी गई डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है।**

डेंगू के लक्षण अकस्मात तेज सिर दर्द, बहुत तेज बुखार, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना, आंखों के पीछे दर्द होना जो कि आंखों को घुमाने से बढ़ता है, जी मिचलाना एवं उल्टी होना गंभीर मामलों में नाक-मुंह-मसूड़ों से खून आना और त्वचा पर चकत्ते उभरना है। डेंगू से बचाव हेतु कूलर के पानी को खाली कर नाली में ना डालें, उसे जमीन की सतह पर फेंके, ताकि पानी सतह पर सूख जाए। कूलर पानी की टंकी पशु-पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन फ्रिज की ट्रे, फूलदान इत्यादि को प्रति सप्ताह खाली करें, व धूप में सुखाकर प्रयोग करें, नारियल का खोल, बर्तन व टायरों में पानी जमा न होने दें। बुखार आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर उपचार करावे याद रखें एडिस मच्छर स्थिर एवं साफ पानी में पैदा होते हैं।

# रेलवे से जुड़ी समस्याओं के निदान हेतु एकीकृत रेलवे हेल्पलाइन नंबर. 139 का करें उपयोग

राजनांदगांव (दावा)। देश की लाइफ लाइन भारतीय रेलवे जिससे हर दिन करोड़ों की संख्या में यात्री यात्रा करके अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचते हैं। यात्रियों की बड़ी संख्या को देखते हुए रेलवे हर समय यात्रियों की सुविधा के लिए नए.नए कदम उठाता रहता है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए एक हेल्पलाइन नंबर.139 जारी किया है। इस नंबर के जरिए यात्रियों को हर समस्या का समाधान मिलता है ताकि यात्रियों द्वारा की जाने वाली शिकायतों का त्वकरित निवारण संभव हो सके। अक्सर लोगों के रेल से जुड़ी कोई भी जानकारी लेने के लिए लंबी-लंबी लाइनों में लगना पड़ता था तथा अलग अलग तरह की सूचनाओं के लिए अलग अलग हेल्प लाइन नंबरों को याद रखना आसान नहीं था। भारतीय रेलवे ने इस समस्या से छुटकारा दिलाने हेतु वर्तमान में उपलब्ध एक हेल्प लाइन नम्ब र 139 पर ही सुरक्षा एवं चिकित्सास सहायता, पूछताछ, पीएनआर स्टैलटस, ट्रेन के आगमन-प्रस्थाान, टिकट निरस्तय करनेएवेकअप अलार्म सुविधाध्प्रस्था न संबंधी अलर्ट, व्हील चेयर की बुकिंगए साफ-सफाई, खान-पान संबंधी शिकायतें, सतर्कता संबंधी शिकायतें दर्ज करा सकते है।




भारतीय रेलवे की 139 हेल्पलाइन नंबर आईवीआरएस यानी इंटरेक्टिव वॉयस रिस्पॉन्स सिस्टम पर आधारित है। इसमें कई भाषाओं में जानकारी मिल सकती है । 139 हेल्पलाइन नंबर एक हैए लेकिन इससे मिलेगी जानकारी अनेक।

दिलीप सिंह. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधकए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर ने यात्रियों से आग्रह किए है कि भारतीय रेल से संबंधित किसी भी जानकारी या शिकायत के लिए रेल मदद हेल्पलाइन नंबर. 139 डायल करें यह नंबर 24 घंटे सातो दिन यात्रियों के लिए उपलब्ध है ताकि उनके शिकायतों का निदान त्वरित किया जा सके और सफर के दौरान यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# अवैध मदिरा के विक्रय पर आबकारी विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि जिले में अवैध शराब विक्रेताओं एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग की टीम द्वारा मरईभर्री ग्राम बरनारा कला बोरतलाब में नाला किनारे 40 बल्क लीटर महुआ शराब एवं 180 किलो महुआ लाहन आज्ञात जप्त किया गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक उज्जवल कुमार सूत्रधर, आबकारी मुख्य आरक्षक लालसिंह राजपूत, आबकारी आरक्षक जर्नादन पाण्डेय शामिल थे। इसी तरह आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती नेहा सिंह एवं निजाम शाह ठाकुर, नागेश निषाद, अनिल सिन्हा द्वारा राजस्थानी ढाबा बागनदी में 1 खाली तलाशी का पंचनामा बनाया गया।

आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती तुलेश्वरी देवांगन एवं आर्यन ठाकुर द्वारा देशी-विदेशी मदिरा दुकान रेवाडीह का निरीक्षण किया गया। जहां कोई प्रकरण प्रकाश में नहीं आया। कलेक्टर ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए स्वैच्छिक समर कैम्प 20 से

# समर कैम्प बच्चों में निहित प्रतिभाओं को तराशने का अच्छा माध्यम - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी स्कूलों में समर कैम्प आयोजन के संबंध में आज शिक्षा एवं संबद्ध विभाग के अधिकारियों की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के सभी स्कूलों में आगामी 20 मई से 31 मई तक समर कैम्प का आयोजन करने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समर कैम्प सुबह 7 बजे से 9.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा, यह कैम्प पूर्णतः स्वैच्छिक रहेगा।

उन्होंने समर कैम्प आयोजित करने के लिए सभी संस्था प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए समर कैम्प बहुत अच्छा कार्यक्रम है। इसके जरिये बच्चों की विभिन्न गतिविधियां एवं प्रतिभाएं सामने आती है। समर कैम्प के माध्यम से बच्चों में निहित प्रतिभाओं को तराशने का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों में कुछ न कुछ प्रतिभा होती है। उनमें जो विशेष गुण है, जिससे दूसरों को बहुत कुछ सीखा जा सकता है। ऐसे बच्चों का विशेष रूप से आर्ब्जव करके उनकी एक्टीविटी को और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा।

बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने से उनका परिणाम बहुत अच्छा आएगा। बैठक में समर कैम्प में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों के कौशल विकास के लिए कार्ययोजना बनाई गई और शिक्षा विभाग के अधिकारियों, प्राचार्यो एवं शिक्षकों से सुझाव लिया गया। वर्तमान में विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावी है, इस दौरान छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर उनमें बहुमुखी कौशल का विकास के लिए समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। समर कैम्प से रचनात्मक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं के पालक एवं उनके शिक्षकों का मार्गदर्शन उपयोगी होगा।

# प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही भ्रष्टाचार व अवैध कारोबारों की भेंट चढ़ी संस्कारधानी - अभिमन्यु मिश्रा

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने जारी बयान में कहा है कि राज्य में पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनते ही राजनांदगांव में भ्रष्टाचार व अवैध कारोबार चरम सीमा पर पहुँच गए हैं उन्होंने बताया कि पूरे जिले भर में इसकी चर्चा है चाहे वो जमीन मामलों में भ्रष्टाचारियों की शह ले कर अवैध प्लाटिंग का कारोबार हो चाहे आबकारी विभाग के भ्रष्टाचारियों की मिली भगत से शराब के अवैध कारोबार की बात हो ऐसे ही नशे के व अन्य अवैध कारोबारों का जाल पूरी तरह राजनांदगांव में फैल चुका है।

गौरतलब है कि जबसे भाजपा शासन में आई है व रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष बने हैं तबसे पूरे जिले भर में अवैध कार्य धक्ले से शुरू हैं इसमें नशे का व्यापार है, अवैध प्लाटिंग है ऐसे और भी कई छोटी बड़ी चीजों में ब ेहिसाब भ्रष्टाचार हो रहा है आज शहर से ले कर जिले भर में जगह जगह शराब कोचिये अवैध शराब बेच रहे हैं कोई भी भट्टी हो जैसे मोहरा इत्यादि सब जगहों से पेटी भर भर शराब निकल रही है खबर है कि 200 रुपये एक पेटी निकलने के पीछे दिया जाता है तस्करों द्वारा उसके बाद शराब कोचियों तक पहुँचती है यहां तक के भट्टियों में भी बोतल पर तय रेट से ज़्यादा लिया जा रहा है ऐसी खबर मिली है, साथ ही अवैध प्लाटिंग पर तो निगम प्रशासन पर लगातार सवाल उठ ही रहे हैं कहा जाता है कि हर एक काम के लिए संबंधित अधिकारियों तक पैसा पहुचता है पर सवाल यह है कि यह सब किसके संरक्षण में हो रहा है पैसा जा कहा रहा है क्या रमन सिंह इस बार की अपनी विधायक की पारी को आखिरी मान कर अपने पुत्र के लिए आगे की व्यवस्था करने में भिड़े हुए हैं।



आहाता आवंटन गरीबों के पेट में लात मारने के बराबर

इनसब के खिलाफ कांग्रेस दृढ़ता से खड़ी है व अवैध काम करने वालों व करवाने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग करने बाध्य है। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन ने जो अभी आहाता आवंटित की है वह भी समझ से परे है इससे सबसे पहले तो यह सिद्ध होता है कि ये लोग शराबबंदी के कभी पक्ष में नही थे इसके द्वारा एक ओर रसूखदारों को बैठा कर शराब पिलाने की अनुमति दे दी दूसरी ओर गरीब ठेले वाले जो आस पास चना मुर्रा बेच कर जीवन व्यापन करते थे व बैठा कर पिलाते भी नही थे उनके पेट पर लात मारने का काम किया है जिससे स्थानीय ठेले खुमचे वालो में बेहद रोष है।

# जिले में अवैध खाद, बीज भाण्डारण एवं विक्रय पर कृषि विभाग की कार्यवाही

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार खरीफ सत्र आरंभ होने के पूर्व जिले में उर्वरक, खाद, बीज, दवाओं की व्यवस्था के साथ ही वितरण सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर श्री जयवर्धन द्वारा कृषि विभाग, सहकारिता विभाग तथा विपणन संघ की जिला स्तर की बैठकों में जिसकी सतत समीक्षा की जा रही है।

इसी तारतम्य में आकांक्षी जिला होने के कारण राज्य से बाहर के व्यक्तियों द्वारा अवैध कृषि आदानों के भंडारण वितरण तथा निजी आदान विक्रय केन्द्रों में अवैध कृषि रसायनों के विक्रय में रोक लगाने कृषि विभाग द्वारा सतत निगरानी, निरीक्षण तथा गुणवत्ता परीक्षण का कार्य किया जा रहा है। जिससे जिले के किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि सामग्रियां प्राप्त हो सके। विगत 3 मई को विकासखंड मोहला के ग्राम हर्राटोला में 486 बोरी (243 क्विंटल) अवैध जैविक खाद पकड़ा गया था, जिसमें राजस्थान के तीन युवकों द्वारा अवैध रूप से किसानों को खाद बेचने की योजना थी, जिसे कृषि विभाग द्वारा योजना तैयार कर ट्रक सहित वितरण के पूर्व जब्त कर लिया गया है। कार्यवाही के दौरान सुपरवाइजर खाद संबंधित दस्तावेज लेकर जंगल की ओर फरार हो गया।




शेष दो युवकों से पूछताछ पर कंपनी द्वारा किसानों को जैविक खाद के बारे में बताकर लिये आर्डर लेने का कार्य किया जाना बताया गया। आर्डर मिलने पर किसानों से एडवांस राशि लेकर घर पहुंच सप्लाई की योजना बनी थी।

जैविक खाद के नाम पर किसानों से 1300 रूपये प्रति बोरी की दर से राशि खाद पहुंचाने के समय लिया जाना था, किन्तु कृषि विभाग की सतर्कता से वितरण पूर्व ही अवैध खाद को ट्रक सहित जब्त कर जिला न्यायालय को प्रकरण प्रस्तुत किया गया है। इसी प्रकार दिनांक 14 मई को विकासखंड अं.चौकी के ग्राम मेटेपार में जैव उत्प्रेरकों का अवैध भंडारण कर किसानों को विक्रय की योजना थी, जिसे भंडारण होते समय ही कृषि विभाग की टीम द्वारा पकड़ लिया गया। इस प्रकार जिले में राज्य के बाहर की कंपनियों तथा गिरोह सीधे किसानों को अवैध जैविक खाद मनमाना कीमत में बेचकर मुनाफा कमाने के दृष्टिकोण से जिले के सरहदी क्षेत्रों के किसानों को अधिक उत्पादन प्राप्त करने गुमराह कर अपना उत्पाद बेचने की योजना होती है। गुणवत्ताहीन उर्वरक दवाओं तथा बीच के उपयोग से किसानों को लाभ के बजाय नुकसान उठाना पड़ता है। कृषि उपसंचालक श्री जे.एल. मण्डावी द्वारा जिले के किसानों से अपील किया गया है कि कोई भी किसान अपने निवास गोदाम को किसी प्रकार से अवैध बीज उर्वरक, कीटनाशक, भंडारण हेतु बिना किसी वैध दस्तावेज के न दे तथा ना ही बिना किसी पंजीकृत संस्था के खाद, बीज, उर्वरक, दवाओं की खरीदी करें। गांव-गांव घुम कर कृषि आदान विक्रय करते पाये जाने पर कृषि विभाग को तत्काल सुचित करें, एवं कंपनीयों के नाम से जोड़कर नेटवर्कीग मार्केट के तहत कृषि रसायनों की खरीदी ना करें। ताकि किसी भी प्रकार से किसान ठगी का शिकार न हो पाये। सेवा सहकारी समितियों एवं पंजीकृत निजी उर्वरक केन्द्रों में प्रर्याप्त मात्रा में उर्वरक भण्डारण एवं वितरण किया जा रहा है।

# विद्युत लाइनों के निकट रबी फसलों की मिसाई, विद्युत व्यवस्था बाधित

**राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा भीषण गर्मी में विद्युत लाइनों में आ रही व्यवधान को दृष्टिगत रखते हुये समस्त कृषक उपभोक्ताओं से विद्युत लाइनों के निकट रबी फसल जैसे धान, मक्का की मिसाई के कार्य को नही करने की अपील की गई है। उल्लेखनीय है कि किसानों के द्वारा गर्मी के फसल धान, मक्का की कटाई कर मिसाई के कार्य को कराया जा रहा है।**

इस दौरान खेत खलियानों में विद्यमान विद्युत लाइनों के नीचे धान फसल की मिसाई का कार्य थ्रेसर मशीन के माध्यम से कर रहें हैं, धान मिसाई से उडने वाला पैरा/भूसा विद्युत लाइनों में चिपक कर खराब मौसम में बूंदाबांदी होने या रात में ओस आने के कारण नमी से लाइनों में फेस टू फेस संपर्क होने से विद्युत लाइनों में व्यवधान उत्पन्न हो रहें हैं जिससें भीषण गर्मी में निर्बाध विद्युत व्यवस्था बनाये रखने में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के मद्देनजर विद्युत विभाग द्वारा किसानों से जागरूकता एवं सतर्कता बरतते हुए विद्युत व्यवधान एवं विद्युत दुर्घटना से बचने हेतु विद्युत खम्बों, लाईनों तथा ट्रांसफार्मरों के निकट धान, मक्का के मिसाई के कार्य को नही करने की समझाईश दी गई है।



ग्रामीण इलाकों में रबी फसल धान एवं मक्का मिसाई के कारण विद्युत लाइनों में ब्रेकडाउन की मिल रही है शिकायतें

विद्युत विभाग के के कार्यपालन अभियंता श्री एन. के. साहू ने बताया कि मैदानी अधिकारियों द्वारा खैरागढ़, डोंगरगढ़, छुरिया, डोंगरगांव एंव राजनांदगांव के ग्रामीण क्षेत्रों के खेत खलियानों से गुजरे हुए 33 के.व्ही. लाइनों, 11 के. व्ही लाइनों एवं एलटी लाइनों के नीचे या आसपास किसानो द्वारा थ्रेसर मशीन से धान, मक्का के मिसाई कार्य से होने वाले विद्युत व्यवधान के निराकरण हेतु ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों को इस संदर्भ में मुनादी कराने हेतु अपील की गई हैं ताकि विद्युत लाइनों एवं वितरण ट्रांसफार्मरों में गर्मी के फसल धान, मक्का की मिसाई से उडने वाला पैरा/भूसा ना चिपके और ना कोई विद्युत व्यवधान उत्पन्न हो।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रायपुर। माना बस्ती नहर पुलिया के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो युवक घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक संजू निर्वान्स 25 वर्ष अपने दोस्त ईरफान और आरीफ के साथ बाइक क्रमांक सीजी-04/डीएक्स 9648 से कहीं जा रहा था, तभी माना बस्ती नहर पुलिया के पास कार क्रमांक सीजी-04/केवाय 9775 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में संजू निर्वान्स की मौत हो गई।

मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में पूरे जिले में एक बार फिर माध्यमिक शाला डुमरटोला रही अव्वल

मोहला (दावा)। मोहला-मानपुर-अं चौकी के अंतर्गत संचालित शासकीय माध्यमिक शाला डुमरटोला के छात्रों ने राज्य स्तर पर आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा वर्ष 2024 में पूरे जिले में सबसे अधिक संख्या में सफलता प्राप्त की है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी डुमरटोला स्कूल के शिक्षक राकेश कुमार देवांगन व साथियों की मेहनत रंग लाई।

विभाग की महत्वपूर्ण योजना राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना जो कि कक्षा 8 के छात्र/छात्रों के लिए प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती हैं। जिसके तहत चयनित छात्रों को प्रतिमाह 1000/-रू. कक्षा बारहवीं उत्तीर्ण होने तक शासन द्वारा प्रदान की जाती है। ज्ञात हो कि शिक्षक राकेश कुमार देवांगन को वर्ष 2023 में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए



जिला प्रशासन मोहला मानपुर चौकी द्वारा सम्मानित भी किया गया है। वर्तमान समय मे उनके द्वारा प्रयास कोचिंग संकुल स्तर पर डुमरटोला स्कूल में संचालित की जा रही है।

छात्रवृत्ति परीक्षा में इस स्कूल की छात्रा कु. भिक्षा 122 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान पर रही है। राकेश देवांगन के उल्लेखनीय कार्य के लिए जिला शिक्षाधिकारी श्री फत्तेराम कोसरिया, बीईओ श्री राजेन्द्र देवांगन, बी.आर.सी. श्री वर्मा जी, संकुल समन्वयक रूपेंद्र नंदे, संकुल प्राचार्य डी. सी. कोरसिया, प्रधान पाठक मानिक लाल जयकर, शिक्षक अजय तिवारी, लोकेश जयसवाल, हेमलता अलेन्द्र ने उन्हें बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि डुमरटोला स्कूल में 2019-20 में 06 बच्चें, 2020-21 में 08 बच्चें, 2021-22 में 10 बच्चें, 2022-23 में 16 बच्चें एवं 2023-24 में 23 बच्चें मेरिट में स्थान बनायें हैं।

# जिले में किसानों को डेढ़ अरब रुपए कर्ज बांटे जाने का लक्ष्य

## अब तक 75 करोड़ रूपए के लगभग ऋण बटा, 31 सितम्बर तक अंतिम समय

राजनांदगांव (दावा)। अविभाजित राजनांदगांव के जिले के सभी सहकारी बैंकों के अधीन सोसायटियों में इस साल डेढ़ अरब रूपए के ऋण किसानों को बांटे जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें से मात्र राजनांदगांव जिले में अब तक किसानों को 75 करोड़ रूपए के लगभग ऋण बांटे जा चुके है। चूंकि राजनांदगांव समेत चारो जिले जिसमें खैरागढ़-गंडई-छुईखदान, जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी, जिला व कबीरधाम जिला भी शामिल है।



इन जिले के किसानों को उनकी सुविधानुसार कर्ज देनी है। इसलिए किसानों को इस वर्ष के खरीफ फसलों के लिए 30 सितम्बर तक कर्ज वितरण किया जाएगा।

जानने में आ रहा है कि अभी कर्ज वितरण की गति धीमी है। एक अप्रैल से किसानों को कर्ज देने की शुरूआत की गई है जिसमें अब तक ढाई अरब से ज्यादा के ऋण बांटे जा चुके है। बताया जाता है कि गत दिनों ब्रांच मैनेजर व सहकारी समिति के लोगों सहित अधिकारियों द्वारा बैठक कर इसकी समीक्षा भी की गई। संभावना व्यक्त की जा रही है कि किसानों को खरीफ फसल के लिए दिए जाने वाले कर्ज में 2-3 अरब का इजाफा भी हो सकता है।

### बगैर ब्याज का ऋण

बता दे कि खरीफ सीजन में किसानों को दिया जाने वाले कर्ज में किसी प्रकार ब्याज नहीं लिया जाता। बगैर ब्याज का ऋण किसानों को नगदी समेत खाद-बीज के लिए दी जाती है। पिछले साल के खरीफ फसल पर किसानों को 1250 करोड़ कर्ज वितरण का लक्ष्य था। उक्त लक्ष्य के विरूद्ध 200 करोड़ कर्ज ज्यादा बंटा था। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इस वर्ष के खरीफ फसल के लिए किसानों को लक्ष्य से अधिक कर्ज बांटा जा सकता है।

### कर्ज वितरण की गति धीमी

जानकारों की माने तो खेती-किसानी की शुरूआती दौर में कर्ज वितरण की गति प्रायः धीमी रहती है। लोग यह भी अनुमान लगा रहे है कि भाजपा सरकार के सत्ता शासन में आने पर किसानों को कर्ज माफी का कोई वादा नहीं किया है। इसलिए भी किसान कर्ज लेने में भी रूचि नहीं दिखा रहे। बहरहाल खरीफ सीजन के शुरू होते ही कर्ज वितरण में तेजी आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वैसे भी किसान अभी विभिन्न पर्व त्यौहार एवं वैवाहिक आयोजन में व्यस्त रहे। चुनावी माहौल भी बना रहा। मानसून की बूंदे पड़ते ही किसान कर्ज के लिए सहकारी समितियों का रूख करेंगे। फिलहाल उनका खाद बीज संग्रहण का कार्य जारी है।

> खरीफ सीजन शुरू होती ही कर्ज वितरण के कार्य में तेजी आएगी। 30 सितम्बर तक कर्ज वितरण किया जाएगा। तय तारीख तक कर्ज वितरण का लक्ष्य पूरा होने की उम्मीद है।
>
> **- श्रीकांत चन्द्राकर, सीईओ जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव**

# विद्युत खंभों में जियो के केबल से दुर्घटना की आशंका



राजनांदगांव (दावा)। शहर में विगत कई महिनों से जियो फाईबर के केबल तार हर क्षेत्र में लापरवाही तरिके से बिछाये जा रहे है, जिसमें प्रथम दृष्टया देखने पर सहज ही पढ़े-लिखे लोग अंदाजा लगा सकते है कि जियो फाईबर के केबल तार विद्युत खंभों में लगी 11केवी की खुले तारों को छुते हुए जियो के केबल तार नजर आ रहे है।

यहां यह सर्वविदित है कि यदि मुसलाधार बारिश हुई तो जगह-जगह करेंट घरों व सड़कों तक पहुंच जायेगी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जिन घरों में कनेक्शन कट चुके है, वहां के केबल सड़कों व खंभों पर लटक रहे है। हमारे प्रतिनिधि द्वारा जियो के अम्बेडकर चौक के पास स्थित आफिस जाकर इस बात की शिकायत की गई, लेकिन वहां उपस्थित जियो फाईबर कम्पनी से संबंधित कोई राजू मंडल नामक व्यक्ति द्वारा साफ-साफ यह कहकर पल्ला झाड़ते हुए कहा गया कि यह हमारा काम नहीं है, इसकी दूसरी टीम होती है लेकिन उन्होंने दूसरी टीम का नाम, नम्बर व कोई पता भी नहीं बताया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा यदि करेंट का डर है तो विद्युत विभाग से शिकायत करें। हमारे प्रतिनिधि विद्युत विभाग द्वारा सूचना दी गई तो तत्काल विद्युत विभाग की टीम पनेका चौक में पहुंची व जियो फाईबर के वायरों को 11केवी के खुले तारों से चिपके देखकर अंचभित हो गये व उन्होंने तत्काल जहां-जहां चिपके वायरों को देखा उन्हें काटकर अलग कर दिया, तत्पश्चात कुछ ही घंटों में जियो फाईबर के कर्मचारी वहां पहुंचे वायर जोड़ने को जिसे हमारे प्रतिनिधि ने देखकर वायरिंग विद्युत तारों से अलग करने को कहा लेकिन वे लोग गैर जिम्मेदार तरीके से बात करते हुए अपने अधिकारी से बात कराया।

तब पता चला कि जो राजू मंडल हमारे प्रतिनिधि को यह कहकर अपने आफिस से वापस भेज दिया था कि यह हमारा काम नहीं है, पर वायरिंग जोड़ने वाले कर्मचारियों ने जिससे बात कराया वही जियो फाईबर कम्पनी का ही राजू मंडल था। यहां यह भी उल्लेखनीय है यदि शहरवासी व जनप्रतिनिधि नेता व आम जनता जागरूक होकर यदि जियो फाईबर द्वारा बिछाये जा रहे मौत के जाल को देखकर भी नजर अंदाज करते है तो इसका खमियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ेगा।

# फ्लाई ओव्हर के नीचे से अनाधिकृत खड़े वाहन व अवैध रूप से रखे ठेला खोमचा हटाने आयुक्त ने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। जी.ई.रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे अनाधिकृत रूप से खडे वाहन एवं अवैध रूप से रखे ठेला खोमचा के कारण गंदगी व्याप्त रहती है, जिसे ध्यान में रखते हुये तथा फ्लाई ओव्हर को व्यवस्थित व साफ सुथरा रखने निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने गाड़ी मालिकों एवं संबंधित ठेला खोमचा वालों से हटाने अपील की है।

उल्लेखनीय है कि शहर के मध्य से गुजरने वाली जी.ई.रोड में फ्लाई ओव्हर का निर्माण किया गया है, जहॉ नगर निगम द्वारा साफ सफाई कर सौंदर्यीकरण किया गया था। उक्त फ्लाई ओव्हर के नीचे कुछ लोगों के द्वारा अनाधिकृत रूप से वाहन खड़ी किया गया है, कुछ वाहन महिनों से बेकार रखे हुये है, इसी प्रकार कुछ छोटे व्यवसायियों द्वारा ठेला खोमचा रख दिया गया है, जो लम्बे समय से बंद पड़े है, जिसके कारण फ्लाई ओव्हर के नीचे गंदगी फैल रही है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शहर के मध्य मेन रोड में निर्मित फ्लाई ओव्हर के पास से शहर के बाहर जिले या प्रदेश के लोगों का आना जाना लगा रहता है, फ्लाई ओव्हर में गंदगी एवं अव्यवस्था रहने पर लोगों के बीच शहर के प्रति अच्छी धारणा नही बनती।

साथ ही शहर में सुगम यातायात के लिये फ्लाई ओव्हर के नीचे व्यवस्थित पार्किंग का निर्माण भी किया जाना है। इसके अलावा फ्लाई ओव्हर को साफ सुथरा एवं सुव्यवस्थित कर सुंदर बनाना है, जिसके लिये अव्यवस्थित वाहन, ठेला, खोमचा हटाया जाना है। आयुक्त श्री गुप्ता ने अपील करते हुये कहा है कि जिन लोगों की वाहने फ्लाई ओव्रह के नीचे खड़ी है और जिनके द्वारा अनाधिकृत रूप से ठेला खोमचा रखा गया है, वे कृपया 3 दिवस के भीतर अपना वाहन व ठेला तथा अन्य रखे अनुपयोगी सामाग्री हटा लेवें, ताकि फ्लाई ओव्हर के नीचे पार्किंग का निर्माण कर साफ सुथरा तथा व्यवस्थित रखा जा सकें।

# वाटर हार्वेस्टिंग के लिए पेड़ लगाना सबसे सरल व सहज उपाय- अशोक चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। किसान नेता एवं जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक चौधरी ने जिला पंचायत सीईओ द्वारा जल संवर्धन के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की है और कहा कि वर्तमान में सर्वाधिक कमी ग्राउंड वाटर की देखी जा रही है क्योंकि जमीन के अंदर से जल निकालने का कार्य प्रत्येक घरों में और प्रत्येक खेतों में किया जा रहा है।

जबकि वाटर हार्वेस्टिंग ना के बराबर किया जा रहा है। ऐसे में हमारे आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ जल उपलब्ध होने में अत्यधिक परेशानी होने वाली है। उन्होंने कहा कि वाटर हार्वेस्टिंग के लिए जितने भी उपाय हैं उसमें सबसे साधारण उपाय वृक्ष लगाने का है। जो भी वृक्ष हमें जमीन के ऊपर दिखाई देता है वह पेड़ उतना ही नीचे जमीन में पानी का संरक्षण करता है। इसलिए बड़, पीपल, आम, नीम आदि सघन छांव देने वाले वृक्षों का चयन कर हमें वृक्षारोपण करना चाहिए । उन्होंने बताया कि बड़, पीपल, आम, नीम आदि वृक्ष 40 से 50 हजार लीटर पानी जमीन के अंदर एक वर्षा ऋतु काल में संरक्षण कर लेती है। ध्यान रहे कि भीषण गर्मी में भी वृक्षों के नीचे घास की हरियाली दिखाई देती है। ज्ञात हो कि वर्षा ऋतु में जब जल की जरूरत पड़ती है तो वर्षा के द्वारा जमीन में जमा किए गए पानी को वृक्ष लिफ्ट करके अपना पोषण करती है इसलिए सभी उपायों के साथ साथ प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह एक पेड़ अवश्य लगाये। उन्होंने बताया कि सन 2001 में जिला पंचायत के द्वारा वृक्ष लगाओ पानी बचाओ कार्यक्रम लागू किया गया था। इसमें प्रत्येक स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक संस्थाएं जिसमें ग्राम पंचायत नगर पालिका नगर पंचायत एवं नगर निगम के द्वारा न्यूनतम 2 से 5 वृक्ष लगाने का प्रोग्राम बनाया गया था। जिसकी शुरुआत तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत प्रमोद जोगी के द्वारा किया गया था। लेकिन यह कार्यक्रम देखरेख के अभाव में सफल नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि सिर्फ संस्थाओं के द्वारा यदि पांच पेड़ लगाए जाते हैं और देखरेख कर इसका संवर्धन किया जाता है तो इससे लाखों-लाखों पेड़ तैयार हो सकते हैं। इसके लिए अलग से कोई बजट भी नहीं लगेगा, क्योंकि दो से पांच पेड़ के संवर्धन लिए सभी संस्थान के पास बजट उपलब्ध है। अतः इस ध्यान दिया जाकर वाटर हार्वेस्टिंग के लिए पेड़ लगाए जाने का कार्य किया जा सकता है

# मशहूर कव्वाल अनीश नवाब ने कव्वाली से बनाया माहौल



राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हजरत जलालुद्दीन शाह (पारीनाला वाले बाबा) का उर्स का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर मुस्लिम युवा तेली संगठन (एमवायटीएस) ने संदल निकाला था, जिसमें मशहूर कव्वाल अनीस नवाब को बुलवाया गया था।

अनीस नवाब ने अपनी कव्वाली से शहर के हृदय स्थल में माहौल बना दिया। जोगी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शमसुल आलम भी शामिल हुए। श्री आलम ने बताया हर साल मुस्लिम युवा तेली संगठन के अध्यक्ष जुनैद बड़गुजर (जुन्नू) और साथियों द्वारा उर्स के मौके पर कव्वाली का प्रोग्राम करवाया जाता है, जिसमे शहर के सभी सम्प्रदाय के लोग कव्वाली का लुत्फ उठाने शामिल होते हैं। जोगी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शमसुल आलम ने मुस्लिम युवा तेली संगठन के साथियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# समर कैम्प के माध्यम से बच्चों की निखरेगी प्रतिभा

## स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए स्वैच्छिक समर कैम्प 20 मई से



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह ने जिले के सभी स्कूलों में आगामी 20 से 31 मई तक समर कैम्प का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। आज दिनांक 17 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा एवं संबद्ध विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

जिले के सभी शासकीय स्कूलों में समर कैम्प आयोजन के संबंध में गतिविधियां संचालित करने हेतु योजना तैयार करने के लिए बीईओ, बीआरसी एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों की आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावी है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर उनमें बहुमुखी कौशल का विकास किया जा सकता है। रचनात्मक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं के पालक एवं उनके शिक्षकों का मार्गदर्शन उपयोगी हो सकता है। छात्र-छात्राओं में परस्पर रचनात्मक गतिविधियों के आदान-प्रदान के लिए समर कैम्प आयोजित करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत छात्र-छात्राओं हेतु समर कैम्प स्कूलों में अथवा गांव-शहर के सामुदायिक स्थानों में आयोजित किया जा सकता है।

समर कैम्प में कला क्षेत्र, रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित करके उनसे छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन-प्रशिक्षण दिलाया जा सकता है। समर कैम्प में स्कूल के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं के पालकों एवं शाला विकास समिति का भी सहयोग लिया जाएगा। समर कैम्प में निम्नानुसार रचनात्मक गतिविधियां जैसे चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध, कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य, खेलकूद, अपने गांव-शहर का ऐतिहासिक परिचय आदि का संचालन किया जाएगा। समर कैम्प के आयोजन से पूर्व शाला विकास समिति एवं पालक शिक्षक समिति से सहमति ली जायेगी। यह आयोजन पूर्णतः स्वैच्छिक रहेगा तथा समर कैम्प प्रातः 7 बजे से 9.30 बजे के मध्य संचालित किए जायेंगे।

बैठक में सहायक संचालक आदित्य खरे, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे, एडीपीओ पीआर झाड़े, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह, एपीसी एमआर अंसारी, आदर्श वासनिक, मनोज मरकाम, बीईओ आरएल पात्रे, प्रशांत चिर्वतकर, भारती आहूजा आर्य, विरेंद्र कौर गरचा, प्राचार्य, एबीईओ, बीआरसी सीएसी आदि उपस्थित थे।

# रिसिका ने डिस्टिंक्शन अंकों के साथ पाया 94.33 फीसदी अंक



राजनांदगांव (दावा)। सर्वेश्वरदास आत्मानंद स्कूल की 10वीं बोर्ड की छात्रा रिसिका तिवारी ने 94.33 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा ने सभी विषयों में डिस्टिंक्शन प्राप्त कर कुल 566 अंक हासिल किए। जिसमें अंग्रेजी में 92, हिन्दी में 95, संस्कृत में 96, मैथमेटिक्स में 96, साइंस में 89 और सोशल साइंस में 98 अंक हासिल किए। रिसिका प्रारंभ से ही होनहार छात्रा रही है। इस सफलता पर रिसिका को सहपाठियों, परिजनों और शिक्षकों से शुभकामनाएं मिल रही है। छात्रा ने इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य, शिक्षकों और अपने माता-पिता व परिजनों को इसका श्रेय दिया है। छात्रा रिसिका कोलियारा वाले कथावाचक स्व. पं. शारदा तिवारी की नातिन व उमाशंकर तिवारी व संगीता तिवारी की सुपुत्री है।

# सड़क हादसे में कबड्डी खिलाड़ी की मौत

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मारगांव निवासी कबड्डी खिलाड़ी की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जाता है कि कबड्डी खिलाड़ी 60 वर्षीय समन कंवर शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। तभी पीछे से 407 के वाहन चालक ने ठोकर मार दी जिसमें उसकी मौत हो गई। कंवर राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी में 90 के दशक में हिस्सा लिया था। बिहार में कबड्डी संघ का पांच बार प्रतिनिधि किया है। उनका अंतिम संस्कार डोंगरगांव के निकट मारगांव (गिरगांव) में किया गया।

# पाईप लाईन आने के कारण अण्डर ब्रिज निर्माण कार्य में रूकावट



राजनांदगांव (दावा)। चिखली रेल्वे क्रासिंग के पास अण्डर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है, क्रासिंग के नीचे पटरी पार के उस पार पानी सप्लाई के लिये बिछी पाईप लाईन आने के कारण अण्डर ब्रिज निर्माण कार्य में रूकावट आ रही है। चूँकि ग्रीष्म ऋतु चल रही है, जिसमें पानी की समस्या भी आ जाती है। इन सबके निराकरण के लिये महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने आज रेल्वे एवं नगर निगम के अधिकारियों से चर्चा की। चर्चा के दौरान रेल्वे के अधिकारियों ने महापौर श्रीमती देशमुख से कहा कि अण्डर ब्रिज के निर्माण में पाईप लाईन के कारण रूकावट आ रही है, जिसका निराकरण किया जाना है।

महापौर ने इस संबंध में निगम के अधिकारियों से चर्चा की, चर्चा उपरांत उन्होंने कहा कि पुराने पाईप लाईन के कनेक्शन को टाका घर के वाल्ब से जोडा जाये, जिससे पानी का प्रेशर बढे और स्टेशन पारा वार्ड नं. 11 एवं केवट पारा में पानी की समस्या से निजात मिलेगी और लोगों को पर्याप्त पानी मिलेगा, टाका घर के वाल्व से कनेक्शन करने से रेल्वे क्रासिंग की पाईप को बंद किया जा सकता है, जिससे अण्डर ब्रिज का रूका काम पुनः चालू हो जायेगा और अण्डर ब्रिज निर्माण में गति आवेगी। चर्चा के दौरान उत्तर ब्लाक के अध्यक्ष व पार्षद प्रतिनिधि आसिफ अली भी उपस्थित थे.

# अंजोरा में अनियंत्रित होकर मेटाडोर पलटा बाल-बाल बचा ड्राइवर



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम अंजोरा में सुबह 6. 20 बजे अंजोरा चौक के पास मेटाडोर पलट गया। मेटाडोर क्रमांक सीजी 07 सी.ए. 7426 रायपुर से राजनांदगांव की ओर जा रही थी। मेटाडोर चालक रायपुर निवासी गणपत साहू पिता राधेलाल साहू उम्र 39 वर्ष ने बताया कि यह मेटाडोर रायपुर से राजनांदगांव की ओर जा रही थीं। जिसमें पार्ट्स एवं मेडिकल सामान भरा हुआ था। स्टेरिंग फेल होने की वजह से यह हादसा हो गया और रोड की डिवाइडर से टकरा गई। इसी प्रकार बीती रात दूसरी घटना जी.ई. रोड़ इंदावानी नाला में तेज रफ्तार कार नाले में टकरा गई। जिससे कार की परखच्चे उड़ गई।

आए दिन जी.ई रोड पर इसी नाले पर आये दिन हमेशा हादसा हो रहा है। पुल का निर्माण सकरा होने की वजह से आए दिन बड़ी-बड़ी गाड़ियाँ आदत से का शिकार हो रही है। इस मुद्दे को लेकर कई बार अशोक हाईवेज को भी इसकी जानकारी दी गई है। उसके बाद भी आज पर्यन्त तक पूल का निर्माण को चौड़ा नहीं किया जा रहा है। अशोक हाईवे के द्वारा टोल वसूली करने में ही लगे हुए हैं। जिसकी वजह से यह बड़ी-बड़ी घटना आए दिन घट रही है। विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय जिला प्रशासन भी चुप्पी साथी बैठे हुए हैं। इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। ताकि लोगों को हादसे का शिकार होना ना पड़े। इस ओर ध्यान देते हुए पुल की चौड़ाई बढ़ाया जाना चाहिए।

# खेत के कुएं में मिला अज्ञात शव



राजनांदगांव (दावा)। थाना घुमका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिजेतला में 17 मई को होरी लाल उमरे के खेत के कुंए अंदर बोरे मे लपेटा हुआ एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद हुआ है। मृतक का उम्र करीब 25-30 वर्ष है मृतक काले रंग का जीन्स पहना हुआ है, बाए हाथ की कलाई मे काले रंग का रबर बैंड पहना है। सूचना पर थाना घुमका पुलिस द्वारा मौके पर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है










स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com